तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

महामाया मंदिर, दूधाधारी मठ में कल होगा तुलसी विवाह, राम मंदिर में भी एकादशी व्रत कल

# तिथियों का फेर... शहर में दो दिन होगा तुलसी विवाह, आचार्यों ने कहा-दोनों दिन शुभ, गुरु परंपरा अनुसार करें तिथि निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

अन्य पर्व की तरह इस बार देवउठनी एकादशी में भी तिथियों के फेर में लोग उलझ गए हैं। शहर के कुछ मंदिरों में शनिवार को तुलसी विवाह कर एकादशी का व्रत पूजन किया जाएगा तो कुछ मंदिरों में रविवार को एकादशी व्रत-पूजन होगा। ना केवल मंदिर बल्कि घरों में भी आज और कल दो दिनों तक तुलसी पूजन की तैयारी है। पंचांग की गणना के अनुसार, एकादशी तिथि का आरंभ आज सुबह 9 बजकर 12 मिनट पर होगा और 2 तारीख को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर एकादशी तिथि समाप्त होगी। एक वर्ग के मत के अनुसार, 2 तारीख को सुबह ही एकादशी तिथि समाप्त हो जाएगी। तुलसी विवाह गोधुलि बेला में ही होता है। ऐसे में शनिवार को ही तुलसी विवाह करना अधिक श्रेष्ठ होगा क्योंकि इस दिन ही गोधुलि बेला में एकादशी तिथि व्याप्त रहेगी। दूसरे मत के अनुसार, सूर्योदय के समय व्याप्त तिथि ही पूरे दिन मान्य होती है। शनिवार को उदया तिथि ▶▶ शेष पेज 13 पर

## चार माह की निद्रा के बाद आज जागेंगे श्रीहरि

### ध्रुव, वृद्धि व रवि योग

देवउठनी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन चार महीने के शयन (चातुर्मास) के बाद भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। इस दिन से ही सभी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण आदि शुरू हो जाते हैं। देव उठनी एकादशी व्रत पर ध्रुव योग, वृद्धि योग, रवि योग समेत कई शुभ योग बन रहे हैं। आज जगत का भार महादेव पुनः श्रीहरि को सौंपेंगे।





### जानिए, इन्होंने क्या कहा...

- **राम मंदिर** : मंदिर के प्रधान पुजारी हनुमंत लाल ने कहा, दोनों ही तिथि उचित है। लोग अपनी गुरू परंपरा के आधार पर तुलसी पूजन का निर्णय लें। सामान्यतः स्मार्त सम्प्रदाय को मानने वाले शनिवार को ही तुलसी पूजन करेंगे। वैष्णव सम्प्रदाय के अनुनायी परसों व्रत रखेंगे। वृंदावन सहित कई स्थानों में रविवार को ही एकादशी व्रत रखा जा रहा है। रायपुर के राम मंदिर में भी एकादशी व्रत रविवार को ही होगा। परंपरानुसार श्रीराम को विशेष फलाहारी भोग लगाए जाएंगे।
- **दूधाधारी मठ** : प्रधान पंडित रामशिरोमणि दास ने बताया, मठ में तुलसी विवाह रविवार को किया जाएगा। एकादशी का व्रत भी रविवार को ही होगा।
- **महामाया मंदिर** : पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया यहां तुलसी विवाह व पूजन रविवार को होगा। सूर्योदय के समय एकादशी तिथि 2 नवंबर को ही व्याप्त रहेगी। एकादशी व्रत के लिए एकादश व द्वादश तिथि का योग आवश्यक होता है। ऐसे में 2 नवंबर को ही पूजन व्रत फलदायी है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका का बैग छीनकर भाग निकले बदमाश

**रायपुर।** आजाद चौक थाना में एक शिक्षिका ने बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ स्नैचिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तेलघानी नाका निवासी अल्पना त्रेहन ने स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। अल्पना ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी। इस दौरान सुबह सवा आठ बजे के करीब अग्रसेन चौक के पास बाइक सवार युवक महिला के करीब पहुंचे और उसके हाथ में रखा बैग छीनकर मौके से फरार हो गए। बैग में नकदी पांच हजार रुपए सहित बच्ची का स्कूल बैग, घर की चाबी सहित अन्य जरूरी सामान रखा था।

### पारिवारिक विवाद पर परिजनों और ससुरालियों ने की मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाने में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ उसके घर तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ईश्वर साहू ने चंदन, नितिन सहित 10 लोगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। ईश्वर ने पुलिस को बताया है कि घर तथा ससुराल वालों के झगड़े की वजह से वह अलग रहता है। इस बात से नाराज होकर ईश्वर से उसके ससुराल तथा घरवालों ने मारपीट की।

### सीट फाड़ने के विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ सीट फाड़ने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिनाज खान ने आफरीन खान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मिनाज ने पुलिस को बताया है कि आफरीन ने उस पर गाड़ी की सीट फाड़ने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### गाड़ी टकराने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में भिलाई के एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ गाड़ी टकराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भिलाई निवासी राजेश अग्रवाल ने बोलेरो सीजी-07, बीएस-8870 के चालक तथा बोलेरो में सवार एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि बोलेरो सवार युवक उसकी गाड़ी को ठोकर मारने के बाद विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की।

### आलमारी से एक लाख के कैश-जेवर किए पार

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक टेंट हाउस संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर की आलमारी खोलकर नकदी 10 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिथिलेश साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मिथिलेश ने पुलिस को बताया कि दीपावली पर वह लक्ष्मी पूजा करने के बाद रुपए तथा जेवर आलमारी में रख दिया। इसके बाद मिथिलेश ने 26 अक्टूबर को आलमारी खोलकर देखी तो उसमें से रुपए और जेवर गायब मिले।

प्रदेश का पहला जनदर्शन कक्ष और शिकायत कॉल सेंटर की स्थापना, कई और सुविधाएं

# रायपुर कलेक्टोरेट...25 सालों में 20 कलेक्टर परिसर का हुआ विस्तार, सिस्टम भी चौकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य स्थापना के 25 वर्ष

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य गठन का 25वां स्थापना दिवस मना रही है। इन 25 वर्षों के दौरान राजधानी रायपुर की तस्वीर जहां बदल चुकी है, वहीं जिला कलेक्टोरेट में भी कई बदलाव हुए हैं। जिला पंचायत की बिल्डिंग, रेडक्रास भवन का निर्माण, टाउन हॉल का रेनोवेशन, 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण से लेकर सभी विभागों का कामकाज ऑफलाइन से ऑनलाइन में परिवर्तित हो गया है। कलेक्टोरेट में सबसे बड़ा बदलाव आम लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनने के लिए बनाया गया प्रदेश का पहला जनदर्शन कक्ष एवं शिकायत कॉल सेंटर की स्थापना है। यह जनदर्शन कक्ष एवं कॉल सेंटर वर्तमान कलेक्टर डा. गौरव सिंह के कार्यकाल में बना है। रायपुर जिले में राज्य गठन से लेकर अब तक 20 कलेक्टर बदल गए हैं। गौरव सिंह 21वें कलेक्टर के रूप में वर्तमान में यह जिम्मेदारी संभाले हुए हैं।

### राज्य गठन के बाद रायपुर के पहले कलेक्टर अमिताभ जैन रहे

मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ था, वहीं रायपुर प्रदेश की राजधानी घोषित की गई। रायपुर को जिस दिन राजधानी घोषित किया गया, उस समय रायपुर कलेक्टर अमिताभ जैन थे। राजधानी बनने के बाद भी वे ही रायपुर के कलेक्टर पद पर बने रहे। इस तरह राज्य गठन के बाद रायपुर के वे पहले कलेक्टर भी रहे हैं। उनका कार्यकाल 18 दिसंबर 2000 से लेकर 10 अप्रैल 2003 तक रहा। हालांकि राज्य गठन के बाद से लेकर वर्ष 2015 तक कलेक्टोरेट में बहुत कम बदलाव आए थे। इन 15 साल की अवधि के दौरान 14 कलेक्टर भी बदले थे, लेकिन कलेक्टोरेट में बदलाव की शुरुआत वर्ष 2016 से हुई। इसके बाद से कलेक्टोरेट में कई बदलाव आए हैं।





### ये अभी तक बदले नहीं

इन 25 वर्षों में कलेक्टोरेट में कलेक्टर कक्ष को बदला नहीं गया है। राज्य गठन के पहले जिस कक्ष में कलेक्टर बैठा करते थे, उसी कक्ष में अभी भी कलेक्टर बैठ रहे हैं। हालांकि इस कक्ष का भी रेनोवेशन हुआ है। कलेक्टोरेट परिसर में बने गार्डन, पुरानी कलेक्टोरेट बिल्डिंग भी बदली नहीं है। हालांकि इनमें कुछ नए काम जरूर हुए हैं।

### रायपुर से कुछ जिले भी अलग हुए

राज्य गठन के बाद रायपुर से कुछ जिले भी अलग हो गए हैं। इनमें बलौदाबाजार-भाटापारा एवं गरियाबंद जिला है। ये दोनों जिले राज्य गठन के 12 साल बाद रायपुर जिले से अलग हुए। हालांकि धमतरी और महासमुंद जिले भी पहले रायपुर जिले से जुड़े हुए थे। ये दोनों जिले वैसे तो 1998 में रायपुर जिले से विभाजित कर दिए गए थे, लेकिन राज्य गठन के समय भी दोनों जिले रायपुर जिले का हिस्सा थे। यही कारण है कि राज्य गठन के बाद 10 से 15 वर्षों तक रायपुर कलेक्टोरेट में जितने बदलाव होने थे, उतने हो नहीं पाए।

### पिछले तीन वर्ष में कई नए विकास कार्यों को मंजूरी

रायपुर जिले में समय के साथ-साथ लगातार बदलाव भी आ रहे हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान कलेक्टोरेट में कई नए विकास कार्यों को मंजूरी भी मिली है, जिनमें कई कार्यों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहीं कुछ का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हो पाया है। इनमें पांच मंजिला रजिस्ट्री बिल्डिंग, वित्त विभाग के लिए भवन का निर्माण कार्य जारी है, वहीं कलेक्टोरेट एवं एसपी कार्यालय के लिए पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग, चार मंजिला तहसील बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारंभ होना है। रायपुर संभाग आयुक्त भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

छात्रों को मनोवैज्ञानिक समस्याओं से बचाने पहली बार शुरू की गई विशेष हेल्पलाइन

# माशिम ने कहा- रील देखना बंद करें छात्र, खाएं मनपसंद खाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की मनोरोग संबंधित विशेष हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत 31 अक्टूबर से हो गई है। प्रत्येक शुक्रवार को माशिम इस हेल्पलाइन नंबर पर छात्रों की काउंसिलिंग करेगा। परीक्षा के समय माशिम विशेषज्ञों की एक टीम काउंसिलिंग के लिए नियुक्त करता है। यह टीम परीक्षा संबंधित टिप्स देती है। वर्तमान में प्रारंभ की गई हेल्पलाइन सेवा डिप्रेशन को दूर करने सहित छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को कम करने संचालित की जा रही है। पहले दिन माशिम के पास अधिक फोन कॉल नहीं आए। संख्या दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सकी, लेकिन जो फोन आए वे गंभीर थे। विशेष बात यह रही कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी इसमें संपर्क कर अपनी समस्याएं रखी। किसी भी तरह की मानसिक परेशानी होने पर छात्र प्रत्येक शुक्रवार टोलफ्री नम्बर 1800-2334363 पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि देश में आत्महत्या की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया था। इसके बाद सभी तरह के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के लिए यह हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ किया गया है।

### वास्तविक जीवन में मित्र बनाएं

बिलासपुर जिले के बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ने हेल्पलाईन में अपनी मनःस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि वह कोई कार्य करती है या पढ़ाई करने बैठती है तो डर लगने लगता है। घबराहट होती है, खाने का मन नहीं करता। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिनों तक उनकी स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह शारीरिक रूप से कमजोर हो गई है। मानसिक तनाव है, चिड़चिड़ापन आ गया है। मन किसी कार्य में मन नहीं लगने के कारण वो मोबाइल पर ही बिजी रहती है। फिर भी उनके तनाव दूर नहीं हो पा रहा है। मनोवैज्ञानिक काजल चौबे ने उन्हें मनोवैज्ञानिक द्वारा टिप्स देते हुए कहा सबसे पहले आप मनपसंद भोजन कीजिए, मोबाइल चलाना और रील देखना कम कीजिए, दिमाग को रिलेक्स रखें और पर्याप्त नींद लें। मेडिटेशन करें, आस-पास अपनी सहेलियों के साथ घूमें, घरवालों से अपनी मन की बात व समस्या को शेयर करें। दिमाग को ज्यादा तनाव न हो ऐसा कार्य करें और फिजिकल एक्टिविटी करें।

# स्कूल बंक मारकर पिकनिक मनाने गए दो छात्र लेक में डूबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के दो छात्र शुक्रवार को लेक में डूब गए। छात्रों के लेक में डूबने की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू करने पहुंची। देर शाम तक छात्रों का पता नहीं चल पाया है। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू का काम रोक दिया गया है। दूसरे दिन छात्रों की पतासाजी करने पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा। घटना माना थाना क्षेत्र के ब्लू वाटर लेक की है।

- लेक में डूबने वाले छात्र रायगढ़, बस्तर के,10वीं में पढ़ाई कर रहे थे, पिकनिक मनाने सात से आठ छात्र गए थे

टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र जयेश साहू और मृदुल वंजारिया नामक छात्र लेक में डूबे हैं। जयेश रायगढ़ का रहने वाला था, वह रायपुर टाटीबंध स्थित अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसके अलावा मृदुल बस्तर का रहने ▶▶ शेष पेज 13 पर

### पिकनिक जाने स्कूल बंक

पुलिस के अनुसार सात से आठ लड़के पिकनिक मनाने ब्लू वाटर पहुंचे थे। सभी छात्र एक ही स्कूल में पढ़ने वाले हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार छात्र स्कूल प्रबंधन को बगैर जानकारी दिए स्कूल बंक कर पिकनिक मनाने ब्लू वाटर पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक छात्र दीपावली के बाद से ही पिकनिक जाने के लिए प्लान बना रहे थे।

### इसलिए स्कूल से बंक

जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक छात्र शनिवार को ब्लू वाटर जाना चाहते थे, लेकिन उस दिन नवा रायपुर में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए उन्होंने जाम में फंसने तथा कई जगह मार्ग बंद होने की वजह से एक दिन पूर्व शुक्रवार को पिकनिक जाने का प्लान किया। छात्रों ने शुक्रवार का दिन इसलिए चुना कि उस दिन स्कूल बंक करने के बाद दूसरे तथा तीसरे दिन स्कूल की छुट्टी रहेगी। इससे वे टीचर की डांट खाने से बच जाएंगे। साथ ही तीन दिन छुट्टी का मजा लेने छात्रों ने शुक्रवार को स्कूल बंक किया।

# मोंथा का अवशेष झारखंड में नहीं निकली धूप, दोपहर कई इलाकों में तेज बारिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पिछले तीन दिनों से प्रदेश के मौसम को बदलने वाला चक्रवाती तूफान मोंथा का अवशेष झारखंड में मौजूद है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को भी शहर में धूप नहीं निकली और कई इलाकों में तेज बारिश भी हुई है। बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से कम होने की वजह ठंडकता है।छाए यहीं बादल रात के तापमान को नीचे जाने से रोक रखा है और पारा सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है।

समुद्र में बने चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों का मौसम बदला हुआ है। पिछले तीन दिन से शहर में पर्याप्त समय के लिए धूप नहीं निकली है। इसके अलावा बूंदाबांदी और खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। छाए बादलों ने दिन में तेज धूप से राहत तो दिला दी है मगर रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को छाए बादल दोपहर होने के बाद शहर के कई इलाकों में काफी देर तक बरस पड़े। यह खंड वर्षा की स्थिति थी इसलिए मौसम विभाग के आंकड़ों में वर्षा दर्ज नहीं हो पाई है। मौसम में हुए बदलाव की वजह प्रदेश में रात में महसूस होने वाली ठंड अक्टूबर के अंतिम दिन में भी असर नहीं दिखा पाई है। हालांकि अब इस तूफान का प्रभाव कम होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मोंथा चक्रवात का उत्तर पूर्व दिशा में आगे बढ़ते हुए बिहार पार करने और कमजोर होकर निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने वाला है। 1 नवंबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। रविवार से न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट संभावित है।

# स्विच चालू कर बंद करना भूले, टंकी ओवरफ्लो, बहता रहा सड़क पर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के नगर निगम कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जोन-7 अंतर्गत भारत माता चौक के पास स्थित नगर निगम की पानी टंकी में पानी चढ़ाने के लिए स्विच ऑन किया गया, लेकिन टंकी भरने के बाद उसे बंद करना भूल गए। इसके कारण हजारों लीटर पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह गया। बताया गया है कि लगभग 20 मिनट तक टंकी का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर तेज धारा के साथ बहता रहा।

- हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर हुआ बर्बाद

इस दौरान सड़क पर गुजरने वाले लोगों पर भी टंकी का पानी बारिश की बौछारों की तरह पड़ता रहा। इस तरह टंकी के ओवरफ्लो पानी ने लोगों को बारिश के दिनों का एहसास भी करा दिया। इधर इस मामले में नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नर्सिंग नरेंद्र ने कहा कि जिन कर्मियों ने भी यह लापरवाही बरती है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। जवाब अगर संतोषजनक नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



शहर के जोन-7 क्षेत्र में भारत माता चौक के पास स्थित 5 लाख लीटर क्षमता वाली नगर निगम की पानी टंकी से इस क्षेत्र के हजारों घरों में पानी की आपूर्ति की जाती है। रोज की तरह शुक्रवार शाम को टंकी के खाली होने पर इसे भरा जा रहा था। इसके लिए यहां तैनात जल विभाग के कर्मचारी ने पानी चढ़ाने के लिए स्विच तो ऑन किया, लेकिन टंकी भरने के बाद भी इसे बंद करना भूल गया, जिसके कारण टंकी ओवरफ्लो हो गई, जिससे पानी टंकी के ऊपर से बहना शुरू हो गया। लगभग 20 मिनट तक पानी ओवरफ्लो होता रहा, जिससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया।

### पानी की बर्बादी रोकने नलों में सप्लाई शुरू कराना पड़ा

*इस मामले की जानकारी मिलने पर जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नर्सिंह नरेंद्र ने तत्काल इस मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने बताया कि लगभग 10 मिनट के भीतर ही कर्मचारी ने स्विच ऑफ कर दिया, जिससे पानी बहना बंद हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए तत्काल नलों में सप्लाई शुरू करा दिया। हालांकि उनका यह भी कहना है कि राज्योत्सव में ज्यादातर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है, जिसके कारण कई विभाग में स्टॉफ की कमी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।*

# दो लाख चोरी करने वाला क्राइम ब्रांच का सिपाही बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कारोबारी की कार से दो लाख रुपए चोरी करने वाले सिपाही को एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बर्खास्त कर दिया है। इसकी पुष्टि एसएसपी ने की है। आरोप है कि सिपाही अपने अन्य साथियों के साथ कारोबारी की कार का पीछा करते हुए दुर्ग पहुंचा। इसके बाद कार की जांच करते समय सिपाही प्रशांत शुक्ला ने कारोबारी की आंखों में धूल झोंक कर रुपए निकाल लिए। पिछले सप्ताह दीपावली के समय क्राइम ब्रांच के सिपाही किसी अपराधिक मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने बालोद गए हुए थे। वापसी के दौरान सिपाहियों ने एक संदिग्ध ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सीसीटीवी से पकड़ी गई चोरी

घर पहुंचने पर कारोबारी ने रुपयों का मिलान किया, तो रुपए कम मिले। इसके बाद कारोबारी ने अपने घर के पास लगे कैमरे की जांच की, तो एक प्रशांत शुक्ला नाम का सिपाही कार से रुपए निकालते दिखा। इसकी कारोबारी ने दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के पास शिकायत करते हुए सीसीटीवी फूटेज पेन ड्राइव में दिया। दुर्ग एसएसपी ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला पहुंचे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर नवा रायपुर में नई विधानसभा के लोकार्पण में शामिल होने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शुक्रवार रात को रायपुर पहुंचे। नई विधानसभा का लोकार्पण शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। विमानतल पर श्री बिड़ला का स्वागत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, यशवंत जैन, भाजपा के कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सहमंत्री प्रीतेश गांधी, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा नेताओं ने किया।

### कांग्रेस ने सरदार पटेल और इंदिरा गांधी को किया नमन



**रायपुर।** कांग्रेस ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती पर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आज दो महान विभूतियों की याद का दिन है। देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है, जिनके दृढ़ निश्चय के कारण आजाद भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हुआ। कांग्रेस उनको नमन करती है। श्री बैज ने कहा, देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस भी आज है। भारत को एक मजबूत और सर्व सुविधा संपन्न राष्ट्र बनाने में उनका अमूल्य योगदान था।

### अनुरेखक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अनुरेखक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। व्यापम ने यह परीक्षा 26 अक्टूबर को आयोजित की थी। पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। व्यापम की वेबसाइट पर मॉडल आंसर का अवलोकन कर अभ्यर्थी 6 नवंबर तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियतमः दावा आपत्ति पर प्रति प्रश्न 50 रुपए का शुल्क देना होगा।

### अमित जोगी ने नए विधानसभा उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र जलाकर किया विरोध

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के नेता अमित जोगी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य सरकार पर नए विधानसभा भवन के उद्घाटन कार्यक्रम से 'मिनी माता' के नाम को मिटाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने विरोध जताते हुए नए विधानसभा उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र जलाया। श्री जोगी ने विधानसभा अध्यक्ष से तत्काल एक नया निमंत्रण जारी करने और स्पष्ट रूप से मिनी माता विधानसभा भवन, नया रायपुर का उल्लेख करने की मांग की।



# स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों के साथ एकता दौड़ में सीएम साय भी दौड़े

## सीएम साय बोले- विविधता में एकता ही भारत की असली ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि वे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों के साथ राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक से शारदा चौक तक आयोजित एकता दौड़ में दौड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, सरदार पटेल को उनकी दूरदृष्टि और अद्भुत नेतृत्व क्षमता के कारण ही भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। राष्ट्र को एकजुट करने के उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरे देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारत विविधताओं से परिपूर्ण देश है, और विविधता में एकता की भावना हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा, उनका यह जोश सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने का प्रण लेने का आह्वान किया और सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, पुरंदर मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

भटकने की आशंका होने पर बीटीआरटीएस की बस से जाएं

# राज्योत्सव में शामिल होने परेशानी से बचने निर्धारित रूट से पहुंचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में शनिवार से नवा रायपुर में पांच दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में राजधानी सहित राज्य के अलग-अलग जिलों से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनआरडीए रेलवे स्टेशन से सीबीडी स्टेशन तक बीटीआरएस की बस सेवा शुरू करने जा रहा है। बस सेवा रात 11 बजे तक उपलब्ध रहेगी। जो सार्वजनिक परिवहन की जगह अपने निजी वाहन से राज्योत्सव में शामिल होना चाहते हैं, उनके आने जाने के लिए छह रूट निर्धारित किए गए हैं।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार लोगों को परेशानी से बचने तय रूट में आवाजाही करनी होगी। निर्धारित रूट से गलत दिशा में जाने पर लौटा दिया जाएगा। जिनको रूट के बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें क्यूआर कोड से रूट के बारे में अपने मोबाइल से रूट के बारे में जानकारी मिल जाएगी और वे अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकते हैं। अलग-अलग दिशा तथा शहर से आने वाले लोगों के लिए जो छह रूट निर्धारित किए गए हैं, उन लोगों के लिए उन्हीं रूट पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिन स्थानों में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है, वहां से मेला स्थल की दूरी एक से सवा किलोमीटर है। साथ ही पार्किंग से मेला स्थल जाने मुफ्त में ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है।



राज्योत्सव जाने रायपुर से हर आधे घंटे में मिलेगी बस, सीबीडी स्टेशन से पांच मिनट में मिलेगी गाड़ी

आने जाने के लिए 28 बीआरटीएस बसों का किया जाएगा संचालन

अधिकाधिक लोग पहुंचें, इसके मद्देनजर निर्णय

### पासधारी ऐसे पहुंच कर वाहन पार्क करेंगे

- **पी-2 पासधारी** देवेन्द्र नगर व शहर की ओर से जाने वाले सेरीखेड़ी ब्रिज से नवा रायपुर विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग से खूबचंद बघेल चौक, सीबीडी रेलवे स्टेशन चौक, राज्योत्सव तिराहा, मुक्तांगन तिराहा से दाहिने टर्न कर परसट्टी चौक से दाहिने टर्न कर निमोरा प्रशासनिक एकादमी के सामने नहर पुलिया पार कर बाएं मुड़कर राज्योत्सव मेला का कनवेंशन सेंटर (पानी टंकी) के सामने पार्किंग पी-02 में वाहन पार्क करेंगे।
- **पचपेड़ीनाका चौक एवं एक्सप्रेस** वे की ओर से जाने वाले बोरियाकला चौक, माना टर्निंग से एनएच -30 होकर भठगांव ओवर ब्रिज, निमोरा ओवर ब्रिज, परसट्टी ओवरब्रिज के बांये तरफ सर्विस रोड से ओवरब्रिज के नीचे से बाएं मुड़कर ग्राम परसट्टी मोड़ से बांये मुड़कर निमोरा प्रशासनिक एकादमी के सामने से दाहिने मुड़कर नहर पुलिया पार कर बाएं मुड़कर राज्योत्सव मेला का कनवेंशन सेंटर (पानी टंकी) के सामने पार्किंग पी-02 में वाहन पार्क करेंगे।
- **पी-3 पासधारी** सेरीखेड़ी ब्रिज से नवा रायपुर विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग से छोटा गोल चौक, कयाबांधा तिराहा, सीबीडी रेलवे स्टेशन चौक से राज्योत्सव टर्निंग, रेलवे अंडरब्रिज पार कर बाएं मुड़कर राज्योत्सव स्थल गेट 3 पार कर पार्किंग पी-3 में वाहन पार्क करेंगे।

### इन छह रूट में आने-जाने के साथ पार्किंग

**रूट-1**

रायपुर शहर, धरसींवा, तिल्दा, खरोरा, बलौदाबाजार, बिलासपुर, बेमेतरा, मुंगेली से आने वाले रिंग रोड -3 टर्निंग से राजू ढाबा के सामने-सेरीखेड़ी ब्रिज -एयरपोर्ट टर्निंग-स्टेडियम टर्निंग-रेलवे स्टेशन रोड -कयाबांधा अंडरब्रिज के पास -सीबीडी स्टेशन रोड -रैक बैंक मोड़ -सेक्टर 22 टर्निंग -सेक्टर 22 में पार्किंग स्थल पी-15 में अपनी गाड़ियां खड़ी करके राज्योत्सव स्थल पैदल जा सकेंगे।

**रूट-2**

आरंग, खरोरा, महासमुंद, बलौदाबाजार की ओर से आने वाले आरंग-लखौली-नवागांव रेलवे क्रॉसिंग-क्रिकेट स्टेडियम-सेंध तालाब-सत्यसाईं अस्पताल के सामने चौक-मंदिरहसौद मार्ग तिराहा-स्टेडियम टर्निंग-चंदूलाल चंद्राकर चौक-सेक्टर 22 टर्निंग-सेक्टर 22 के पार्किंग स्थल पी-15 में अपनी गाड़ियां खड़ी करके राज्योत्सव स्थल पैदल जा सकेंगे।

**रूट-3**

अभनपुर, धमतरी, बालोद, दुर्ग की ओर से आने वाले ( केवल बस से आने वालों के लिए)- मोनफोर्ड स्कूल से दाएं मोड़ - हिदायतुल्ला लॉ यूनिवर्सिटी के सामने - ट्रिपलआईटी चौक-उपरवारा चौक - मुक्तांगन तिराहा होकर मुक्तांगन पार्किंग स्थल पी-12, मुक्तांगन रेलवे स्टेशन पार्किंग स्थल पी-13 और गोल्फ मैदान पार्किंग स्थल पी-14 में अपनी गाड़ियां पार्क कर सकेंगे।

**रूट-4**

अभनपुर, धमतरी, बालोद, दुर्ग की ओर से आने वाले( कार/चारपहिया वाहन वाले )-अभनपुर-ग्राम बकतरा-ग्राम केंद्री-बेंद्री मोड़-मिंटू पब्लिक स्कूल-निमोरा प्रशासनिक अकादमी के सामने से ग्राम निमोरा के पास पार्किंग स्थल पी-11 में अपनी गाड़ियां खड़ी करके राज्योत्सव स्थल पैदल जा सकेंगे।

**रूट-5**

रायपुर शहर, धरसींवा, दुर्ग, बालोद, खैरागढ़, राजनांदगांव की ओर से आने वाले पचपेड़ीनाका-बोरियाकला-माना बस्ती-तूता होकर तूता मैदान पार्किंग स्थल पी-8, तूता इंडियन तड़का ढाबा के पास पार्किंग स्थल पी-9 और निमोरा बस्ती मार्ग दालमिल के पीछे पार्किंग स्थल पी-10 में अपनी गाड़ियां खड़ी करके राज्योत्सव स्थल पैदल जा सकेंगे।

**रूट-6**

गोबरा नवापारा, राजिम, गरियाबंद की ओर से आने वाले (बस-कार दोनों के लिए)- राजिम-गोबरा नवापारा-नवागांव-खण्डवा-जंगल सफारी-ट्रिपल आईटी (भामाशाह चौक)- मुक्तांगन तिराहा होकर पार्किंग स्थल पी-12, मुक्तांगन रेलवे स्टेशन पार्किंग स्थल पी-13 और गोल्फ मैदान पार्किंग स्थल पी-14 में अपनी गाड़ियां खड़ी कर सकेंगे।

# एक ही दिन में जुटे हृदय रोगी 1758 बच्चे, सत्यसाई हास्पिटल ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सत्य साई संजीवनी अस्पताल रायपुर ने एक ही दिन में सर्वाधिक 1758 शिशु हृदय मरीजों की उपस्थिति का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक स्वप्निल ने श्री सत्य साई सौभाग्यम् में इसकी घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड और मणिपुर सहित पूरे भारत से एकत्रित हुए। हरा, केसरिया और सफ़ेद रंग की टी-शर्ट पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

अस्पताल ने इस आयोजन के सभी मानदंडों को पूरा किया। अस्पताल ने इसके पहले 20 नवंबर 2020 को अपनी 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1020 बच्चों के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने इस अवसर पर कहा कि वे यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ राज्य और श्री सत्य साई संजीवनी शल्य चिकित्सा एवं चिकित्सा के सम्बद्ध प्रतिभाशाली टीमों को समर्पित करते हैं। सत्य साई संजीवनी अस्पताल ने छत्तीसगढ़ को देश-विदेश में एक अलग



पहचान दिलाई है । वे उन हज़ारों बाल रोगियों को देखकर अभिभूत हुए जो अब बड़े हो गए हैं और खेल, शिक्षा, कराटे आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि रायपुर देश भर के बाल हृदय रोगियों का गंतव्य बन गया है। अस्पताल में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक मेगा पीडियाट्रिक कार्डियक कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें मरीजों की गहन जाँच की गई, 2D इको किया गया और हर मरीज को रिपोर्ट दी गई । गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भाग लेने से पहले उनकी फिटनेस की जांच की गई। कार्यक्रम में पद्मभूषण एवं मशहूर क्रिकेटर सुनील गावस्कर और श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के न्यासी विवेक गौर उपस्थित थे।

# अटलजी के सपनों को पूरा करने भाजपा प्रतिबद्ध : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, छत्तीसगढ़ 25 वर्ष का हो गया है और अब वह विकास के मार्ग पर तेज गति के साथ अग्रसर होने के लिए तत्पर है। अटल बिहारी वाजपेयी ने जिन आकांक्षाओं को संजोकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया, उन आकांक्षाओं और उनके सपनों को पूरा करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है, ताकि अंतिम पंक्ति के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति पूरी तरह विकास की मुख्यधारा से जुड़ाव अनुभव करे।



श्री देव ने कहा, राज्योत्सव का रजत जयंती वर्ष हमें अपनी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे। अटल नगर (नवा रायपुर) में नए विधानसभा भवन की लोकार्पण के साथ छत्तीसगढ़ के लिए यह दिन ऐतिहासिक होगा और यह विधानसभा भवन छत्तीसगढ़वासियों को अपने प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा, लोकतांत्रिक मूल्यों और महापुरुषों के आदर्शों का जीवंत प्रतीक सिद्ध होगा। श्री देव ने कहा, केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराकर प्रदेश में विकास और जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर साकार कर रही है। इसका स्वाभाविक सुपरिणाम ही है कि आज प्रदेश के गांव विकास की रोशनी में नहा रहे हैं, किसानों के खलिहान समृद्धि के प्रतीक बने हैं, महिलाएँ आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक सशक्तीकरण की ध्वजवाहक बनी हैं, युवाओं के सपनों को पंख लगे हैं। हम सभी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास के नित-नए प्रतिमान गढ़े और 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ धरातल पर नजर आए, इसके लिए संकल्पित होने की यह बेला है।

# सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में आकाशवाणी की भूमिका सराहनीय : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी समाचार के प्रादेशिक बुलेटिन की गौरवशाली 25 वर्षीय यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिस दिन छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई थी, उसी दिन आकाशवाणी समाचार के प्रादेशिक बुलेटिन की शुरुआत ने छत्तीसगढ़ की जनभाषा और संवाद परंपरा को नई दिशा देने वाला अध्याय जोड़ा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आकाशवाणी समाचार ने इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के हर पड़ाव को अपनी आवाज दी है। प्रारंभ में हिंदी में शुरू हुआ यह बुलेटिन आज चार भाषा और बोलियों- हिंदी, छत्तीसगढ़ी, हल्बी और गोंडी में समाचार और सम-सामयिक कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है। यह बहुभाषिक प्रसारण छत्तीसगढ़ की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक अस्मिता को सम्मान देने का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी समाचार ने सदैव



मुख्यमंत्री साय ने आकाशवाणी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के अपने ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए, शहरी, ग्रामीण और जनजातीय इलाकों में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन और लोककल्याण की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में आकाशवाणी समाचार का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

# छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 साल, जोगी ने एक स्वप्नदृष्टा का विजन किया था पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस नेता अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने के अवसर पर राज्य की अब तक की यात्रा के मद्देनजर कहा है कि छत्तीसगढ़ महतारी के 25वें स्थापना दिवस पर, जब हम राज्य की यात्रा को देखते हैं, तो एक निष्पक्ष विश्लेषण की आवश्यकता है। मैं स्पष्ट कर दूं कि मैं यहां एक पुत्र के नाते नहीं, बल्कि मां छत्तीसगढ़ के एक सपूत के रूप में बोल रहा हूं। मेरी पहली और अंतिम निष्ठा इस धरती और यहां की जनता के प्रति है। अपने पिता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए उन्हें एक स्वप्नदृष्टा और कर्मयोगी बताया। उनके ऐतिहासिक योगदान का जिक्र करते हुए अमित जोगी कहा है कि राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में एक स्पष्ट दृष्टि और दृढ़ संकल्प दिखाई देता है। यह काल एक स्वप्नदृष्टा के मार्गदर्शन और एक अथक कर्मयोगी के परिश्रम का प्रतीक था।



### सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक सशक्तिकरण

छत्तीसगढ़ी अस्मिता, भाषा और क्षेत्रीय गौरव को राज्य की नीति का केंद्र बिंदु बनाया, संत गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी में कुतुब मीनार से दोगुने ऊंचे जैतखंभ का निर्माण कर दलित सशक्तिकरण का अमर संदेश दिया। कृषि एवं सिंचाई क्रांति के संबंध में उन्होंने बताया कि जांजगीर-चांपा में मिनीमाता हसदेव बांगो सिंचाई परियोजना का निर्माण, कवर्धा, बालोद और सरगुजा में तीन चीनी मिलों की स्थापना से ग्रामीण समृद्धि का नया युग आरंभ किया गया।

### बस्तर का समग्र विकास

नगरनार स्टील प्लांट - बस्तर में स्थापित एकमात्र बड़ी औद्योगिक इकाई, बोधघाट हाइडल प्रोजेक्ट और इंद्रावती नदी पर जोरा नाला संरचना को हरी झंडी दी गई। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि बिलासपुर में सिम्स, जेएसएस गनियारी और अपोलो हॉस्पिटल की स्थापना, रायपुर में एम्स और एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल द्वारा नए युग का आरंभ, तीन-वर्षीय रूरल मेडिकल प्रैक्टिशनर कोर्स, दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चिकित्सा क्रांति जैसे महत्वपूर्ण काम हुए। भारत के इतिहास में पहली बार एमएसपी पर सीधे धान खरीदी की शुरुआत, ऊर्जा, उद्योग एवं अवसंरचना क्रांति के रूप में अलग विद्युत बोर्ड बनाकर राज्य को देश का पहला 'पावर सरप्लस' राज्य बनाया। बंद स्पंज आयरन प्लांट्स व राइस मिल्स का पुनरुद्धार, रायगढ़, सिलतरा, सिरगिट्टी में नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए गए। स्कूलों में सीबीइसई व अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य, राष्ट्रीय आशा कार्यक्रम की अग्रणी - मितानिन योजना शुरू, 'शबरी हैंडीक्राफ्ट एंपोरियम की स्थापना की गई।

//आम सूचना//

वाके मौजा डुण्डा प.ह.न.-00072 रा.नि.म. रायपुर-1 तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मे स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 442/25 रकबा 0.0105 हैक्ट. अर्थात 1129 वर्गफुट भूमि के संबध मे।

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति स्निग्धा गोस्वामी पति श्री अमित गोस्वामी निवासी सेक्टर 02 सडक-03 प्रोफेसर कालोनी रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता श्रीमति रंजिता मेहूल पति मेहूल पटेल निवासी फ्लैट क्रमांक 204 आदिनाथ सिविलाइजेश ऋषभ रेसीडेन्सी के पास अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम डुण्डा प.ह.न. 00072 रा.नि.म. रायपुर-1 तह. व जिला रायपुर मे स्थित है जिसका खसरा नं 442/25 रकबा 0.0105 हैक्ट. अर्थात 1129 वर्गफूट को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर दिनांक 02.04.2025 को बिक्रीइकरारनामा का निष्पादन करा लिया गया है सिर्फ बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था शासकीय अर्धशासकीय निकाय वित्तीय संस्थाए बैक इत्यादि को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति या स्वामित्व संबंध मे आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते है। समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन करा लेगा । समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

नोटः-दिनांक 02.04.2025 के बाद किसी के द्वारा वर्णित भूमि के सबंध मे कोई संव्यवहार किया गया होगा तो वह शून्य माना जावेगा

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 31.10.2025
राजकुमार कडोले, रोहिताश्व त्रिपाठी
अधिवक्तागण
डॉ. राजेन्द्र नगर आर्यसमाज स्कूल के सामने रायपुर (छ०ग०)
मोबा- 9827112913,7879821938

आम सूचना
:: शपथ पत्र ::

मै शपथकर्ता छगन बंजारे पिता श्री दुखु राम बंजारे निवासी छोटी लाइन रेल्वे क्रासिंग तेलीबांधा रायपुर तहसील जिला रायपुर छत्तीसगढ़ जो स्थायी निवासी ग्राम गोढ़ी तहसील आरंग जिला रायपुर छत्तीसगढ़ जो कि निम्ननानुसार शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूँ।

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरा आधारकार्ड क्र 2269 2441 2160 है।
2. यह कि, मेरा पुत्र देवेन्द्र सतनामी के स्वयं के नाम पर एक आधार कार्ड बनाकर प्राप्त है जिसका आधार क्रमांक 384841339475 है जिसमें उनका नाम देवेन्द्र सतनामी एवं माता का नाम संगीता सतनामी एवं पिता का नाम छगन सतनामी तथा उक्त आधारकार्ड में जन्म दिनांक 11-11-2006 जोकि सभी गलत है।
3. यह कि, मेरे पुत्र देवेन्द्र सतनामी के समस्त शासकीय दस्तावेजों में उनका नाम देवा बंजारे पिता छगन बंजारे माता का नाम संगीता बंजारे जन्म दिनांक 11-11-2008 है जो कि सत्य और सही है।
4. यह कि, उक्त पुत्र के आधारकार्ड में उनका और उनका परिवार का सही नाम एवं जन्म दिनांक सही दर्ज करना चाहता हूँ तथा आज दिनांक के पश्चात उनको इन्ही के नाम पर जाना व पहचाना जाए।
5. मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि, उक्त सभी उल्लेखित सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है। जिसे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया है। एवं मैं शपथ करता छगन बंजारे जो (SDM) अनुविभागीय दंडाधिकारी आरंग में गवाह के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत कर चुका हूं।

छगन बंजारे
शपथकर्ता

### जूनियर ज्यूडिशियल के लिए आवेदन 25 तक

**रायपुर।** व्यापम ने उच्च न्यायालय बिलासपुर के अंतर्गत जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन शुक्रवार से प्रारंभ कर दिए हैं। अभ्यर्थी 25 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा अगले वर्ष 4 जनवरी को संभावित है। इसके लिए केवल रायपुर और बिलासपुर में ही परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पात्रता, सिलेबस सहित अन्य जानकारी व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है।

### 5 नवंबर से शुरू हो धान खरीदी

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने सरकार द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू किए जाने का विरोध किया है। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, धान खरीदी 5 नवंबर से शुरू होनी चाहिए। किसानों का धान बिक्री के लिए तैयार हो गया है। पिछले 4-5 दिनों की बारिश के कारण धान पानी में भीग गया है। धान इसी तरह अगर 10 -15 दिन रखा रहा तो किसानों को बहुत बड़ा नुकसान होगा। एग्रीस्टेक पोर्टल में अभी तक 21 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जबकि पिछले साल लगभग 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। जिनका पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा उनका सोसायटी के माध्यम से पंजीयन कराने की मांग पार्टी ने की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सीआरपीएफ की एकता दौड़ में शिक्षक और छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार के निर्देशानुसार वृहत रूप से एकता दौड़ का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी स्कूल भिलाई के छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए एकता दौड़ में शामिल हुए। उप कमांडेंट अजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर एकता दौड़ में भाग लेने वाले शिक्षको, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सीआरपीएफ कैंप की ओर से /"रन फार यूनिटी/" टी-शर्ट का वितरण भी किया गया। वहीं उप कमांडेंट अजय सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार करने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाया और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। एकता दौड़ में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के



उच्च व अधिनस्थ अधिकारियों व सैनिकों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में अहम् भूमिका उप कमांडेंट अजय सिंह, सहायक कमांडेंट प्रवीण मोरे, सहायक कमांडेंट लोकनाथन डी, सहायक कमांडेंट राजकुमार चितला सहित अन्य जवानों का रहा।इस दरम्यान जवानों और विद्यार्थियों द्वारा /"भारत माता की - जय/" और /"सरदार वल्लभ भाई पटेल - अमर रहे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर किया पौधारोपण

**आरंग।** गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 'एकता दौड़' एवं 'वृक्षारोपण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आरंग पुलिस विभाग की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य हरेश कुमार दास द्वारा सरदार पटेल एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी ने सम्मिलित रूप से भारत देश की एकता और अखंडता, समृद्धि बनाए रखने हेतु शपथ ली। इसके पश्चात वृक्षारोपण किया गया, जिसमें पुलिस टीम एवं विद्यालय परिवार ने मिलकर नीम, पीपल, गुलमोहर जैसे छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। 'एकता दौड़' की शुरुआत विद्यालय के संचालक ने हरी झंडी दिखा कर की। दौड़ में आरंग थाना की पुलिस टीम ने भी विशेष रूप से भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने न केवल दौड़ में भाग लिया, बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं कानून व्यवस्था के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश भी दिए। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की। सभी ने उत्साहपूर्वक /"एक भारत, श्रेष्ठ भारत/" का संदेश दिया। विद्यालय के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं विशेष रूप से आरंग थाना की पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में राष्ट्रीय भावना, सामाजिक एकता एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

## खबर संक्षेप

### अभद्र टिप्पणी पर सतनामी समाज उग्र, सौंपा ज्ञापन



**तिल्दा नेवरा।** बाबा गुरु घासीदास जी के अपमान किये जाने के खिलाफ एफआईआर करने के लिये नेवरा थाना में आवेदन दिया गया। सतनामी समाज तिल्दा विकासखंड के द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी पर अश्लील गाली गलौच करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिये आवेदन थाना प्रभारी को सौपा गया। बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने उपस्थित होकर थाना में नारेबाजी की और थाना प्रभारी को ज्ञापन दिए।
कहा गया कि इस घटना से समाज के आस्था को ठेस पहुंचा है। इस अवसर पर तिल्दा शहर एवं ग्रामीण के सामाजिक पदाधिकारी देवा टंडन, राजकुमार गेन्द्रे पार्षद, दशरथ डहरिया, दिनेश गायकवाड (अधिवक्ता ), हेमलाल घृतलहरे जनपद प्रतिनिधि, नंदकुमार बंजारे, राहुल जोशी पंच, पवन बघेल, संजय पांसे, रोहित आडिल सरपंच प्रतिनिधि तुलसी, कबीर चेलक, त्रिवेदी पात्रे, प्रकाश गेन्द्रे, राजा चेलक, शैलेन्द्र डहरिया, नीलकंठ खुटे, प्रशांत जांगड़े, हितेंद्र धीरे, वीरेंद्र सोनवानी, वीरू कोशले, सूर्या धीरे, भारत कोसरिया, धीरज टंडन, नीरज धीरे एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### डबल इंजन की सरकार में विकास सिंगल एवं 36 वादे अधूरेः बंजारे

**मंदिर हसौद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट एवं पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवा राजेंद्र प्रसाद बंजारे ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार के सत्ता में आने के 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता से



किए गए भ्रामक वादों को पूरा करने में यह सरकार पूरी तरह विफल रही है। भाजपा ने चुनावी घोषणा-पत्र मोदी की गारंटी के नाम पर लाखों नौकरियां, किसानों के लिए मुफ्त बिजली, आदिवासी-किसान कल्याण तथा बुनियादी ढांचे के विकास जैसे बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन आज दो वर्ष बाद भी ये वादे कागजों पर ही सिमटे हुए हैं, जिससे प्रदेश की जनता में व्यापक असंतोष व्याप्त है। श्री बंजारे ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व 36 बड़े वादे किए थे, जिनमें से 19 अभी तक पूरे नहीं हुए हैं, जबकि छोटे वादों में से 316 बाकी पड़े हैं। , लाखों युवाओं को नौकरियां नहीं दी गईं,और आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। इसके विपरीत, भ्रष्टाचार के आरोपों और

### निधन

### नीरा दुबे

आरंग। ग्राम डिघारी (टेकारी) निवासी 76 वर्षीया नीरा दुबे का बीते गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी



रात आकस्मिक निधन हो गया। वह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत स्वर्गीय कमलेश दुबे की पत्नी, आशीष शर्मा (मिंटू), मनीषा शर्मा (रायपुर) व अमिता तिवारी (धमतरी) की माता थी। अंतिम संस्कार बीते कल शुक्रवार को अपराह्न में डिघारी स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## पंजीयन के अंतिम दिन सहकारी समितियों का किसान काटते रहे चक्कर

# एग्रीस्टेक पंजीयन से हजारों किसान वंचित, धान बिक्री में संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

सर्वर नहीं होने से किसानों का नहीं हो पाया पंजीयन,किसानों के लिए सरकार पूरा एक सोची समझी रणनीति के तहत किसानों को धान का फसल लेने से रोका जा रहा है। जिससे किसानों का धान लेना न पड़े सबसे पहले किसानों को खाद बीज के लिए सरकार खाद की कृत्रिम संकट पैदा कर खाद समितियों में उपलब्ध नहीं कराए D A P खाद लगभग समितियों से नदारद रहे। वही निजी खाद दुकानों में 1300 का खाद 2000 तक में खरीद कर खाद किसान किसी तरह का इंतजाम किए उसके बाद यूरिया संकट से जूझना पड़ा अभी किसान उभरे नहीं थे कि खेतों में फसल अच्छी हुई लेकिन कीट व्याधि से भरी नुकसान किसानों को हुआ नकली दवाई की वजह से नियंत्रित नहीं हुआ कीट प्रकोप,भारी बारिश से अलग किसान परेशान है इन सभी समस्या के बावजूद धान तैयार हुआ तो जो आशंका किसानों को पहले से थी वहीं हुआ।

- बेमौसम बारिश, कीट प्रकोप से परेशान किसानों के लिए नई मुसीबत



### बड़ी संख्या में किसान पंजीयन से वंचित

किसान लगातार एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के लिए समितियों,चॉइस सेंटर पर चक्कर लगा रहे है लेकिन कोई न कोई कारणों से नहीं हुआ आज अंतिम दिन रहा लेकिन आज भी किसान मायूस होकर घर लौट गए इनका पंजीयन नहीं हो पाया अब ये किसान धान बेचने से वंचित रहेंगे ये हाल लाखों किसानों का है किसका बटवारा, फौती,नामांतरण 3,2 साल या अभी हुआ है उसका नहीं हो पाया है पटवारी,तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी,निर्वाचन कार्य में लगे है अब किसान कहा जाए ये स्थिति बन गई है,आज सिलयारी सहकारी समिति में किसान चाकर लगाते रहे ,सर्वर नहीं होने से इन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया किसान कुणाल,त्रिलोचन,फागू,तिलक राम,भारत लाल,मनहरन लालजी,अश्वनी अजय,अनुभव मशी,कुंती खूबचंद सहित 25किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है अब ये किसान धान नहीं बेच पाएंगे ऐसे सभी समितियों की स्थिति है अब लाखों किसान धान बेचने से वंचित होगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि धान खरीदी जब तक होगी पंजीयन लगातार चलते रहना चाहिए साथ ही माग किए है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता खत्म किया जाय पहले जैसे होता रहा है उसी को लागू किया जाए,साथ कहा है कि वंचित किसानों से साथ आंदोलन करेंगे निर्दोष किसानों के साथ आंदोलन में समलित होकर किसानों की हक की लड़ाई लड़ी जाएगी आज सिलयारी सहकारी समिति में किसानों से मिलकर समस्याओं से अवगत हुआ एवं भरोसा दिलाया कि आपके लिए संघर्ष करेंगे।

### तेज हवा धान की फसलें हुई धराशायी, कटाई में मुसीबत

आरंग। शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे आई तेज हवा और 15 मिनट तक चली झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी। लगातार तीसरे दिन बिगड़े मौसम के मिजाज ने फसल कटाई पर रोक लगा दी है। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल अब जमीन में लिपटने लगी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान का डर सताने लगा है। अचानक आई तेज हवा के झोंकों से कई जगहों पर धान की बाली सहित पूरी फसल खेत में गिर पड़ी, जिससे कटाई और मड़ाई दोनों ही मुश्किल हो गई है। कुछ किसानों ने बताया कि फसल पूरी तरह तैयार थी और वे हाथ से कटाई शुरू करने की तैयारी में थे, लेकिन मौसम ने सब बिगाड़ दिया। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-3 दिनों में धूप नहीं निकली, तो फसल सड़ने का खतरा बढ़ जाएगा। वहीं खेतों में पानी भर जाने से मशीनों के उपयोग पर भी रोक लग गई है।स्थानीय कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि गिरी हुई फसल को जल्द सुखाने और जल निकासी की व्यवस्था करें, ताकि नुकसान को कुछ हद तक रोका जा सके।लगातार बारिश से जहां मौसम ठंडा हुआ है, वहीं किसानों की आंखों की नींद उड़ी हुई है। सभी की नजर अब अगले 24 घंटे के मौसम पर टिकी हुई है।

# ब्लाक के प्राचार्यों ने प्लांट का किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अदानी पावर प्लांट रायखेड़ा के द्वारा प्रोजेक्ट उड़ान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं में इंजीनियरिंग विभाग में अपना कैरियर बनाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से अदानी पावर प्लांट में पावर जनरेशन सिस्टम को समझाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया गया है। जिसमें रायपुर जिले के चार ब्लॉक तिल्दा, आरंग , अभनपुर एवं धरसीवा के प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को अदानी पावर प्लांट अपनी व्यवस्था अनुसार शैक्षणिक भ्रमण कराएगी जिसमें प्रेजेंटेशन के माध्यम से पावर जेनरेशन सिस्टम समझाया जाएगा तत्पश्चात प्लांट के मशीनों की कार्य प्रणाली प्रत्यक्ष रूप से प्लांट में दिखाया जाएगा। अदानी पावर प्लांट द्वारा बच्चों को स्कूलों से लाने एवं छोड़ने के साथ-साथ उनके नाश्ता और भोजन की उत्तम व्यवस्था की जाएगी । प्रोजेक्ट उड़ान कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु प्रथम चरण में रायपुर जिला के चारों ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक के समस्त प्राचार्य को अदानी पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा जिसके तहत दिनांक 30. 10. 2025 को सर्वप्रथम विकासखंड तिल्दा और विकासखंड आरंग के लगभग 80 प्राचार्य को पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा श्री राजेंद्र प्रसाद दास एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए ब्लाक के समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया गया है, कि प्रोजेक्ट उड़ान का लाभ दसवीं एवं बारहवीं के प्रत्येक छात्र एवं छात्राओं को मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा एल के जाहिरे एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तिल्दा संतोष कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में 31 अगस्त 2025 को भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी का 150 वीं जयंती समारोह मनाया गया।इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया। शपथ समारोह व्याख्याता श्री जितेंद्र वर्मा द्वारा कराया गया।साथ ही साथ एकता वृक्षारोपण के तहत पौधे रोपे गए।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री जी के वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 565 देसी रियासतों को सफलतापूर्वक भारत संघ में शामिल कराया।वर्ष 2014 में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित कर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अखंड भारत का नक्शा मानव श्रृंखला के रूप में बनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति कश्यप, स्मृति दबडघाव, अन्नू वर्मा, श्रुचि पांडे, नीलम वर्मा, निक्की अग्रवाल, गीतांजलि मरकाम, शशि वर्मा, मोनिका वर्मा, मुल्केश्वर बांधे, खिलेश्वरी पटेल सहित विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल की जयंती मनाई व योगासन किया

**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर अग्रवाल पारा आरंग के संयुक्त प्रयास से राष्ट्रीय एकता संकल्प हमारा के प्रवर्तक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाई गई। अग्रसेन योगासन शाखा ने अपनी नित्य दिनचर्या आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. तोषण लाल साहू (पार्षद प्रतिनिधि) ने सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार एवं गुरुजी सदाशिव गोलवलकर के छायाचित्रों पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में डॉ. साहू ने कहा कि सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वीरेंद्र कण्डरा, मुरारी लोधी, दीपक साहेब गुरु गोस्वामी, रविंद्र अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, शंकर पाल, बलराम साहू, सूरज साहू, रामकुमार कंसारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ठाकुर ने किया एवं आभार प्रदर्शन बृजेश अग्रवाल द्वारा किया गया।



### पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई



आरंग। छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू मे 31अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। शाला के प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी, एकता व अखंडता के लिए उनके दृढ़संकल्प व योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओ को देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण खेमलाल ठाकुर, श्रद्धाकिरण नेताम, सुमन धुरंधर, प्रकाश चंद्र साहू, प्रमिला मेश्राम, श्वेता मिश्रा, द्वारिका प्रसाद दीवान, रजनी बाला भारती, हेमलता नायक, लोकेश तुरकाने, खुलेश नंद देवांगन, डाली चंद्राकर, दुलेश्वरी सोनबेर, चुन्नू यादव सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### डीएवी स्कूल में सरदार पटेल की जयंती मनाई

आरंग। मोनेट डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मंदिर हसौद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रितु चौधरी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, कार्य और देश की एकता में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिसर में रन फॉर यूनिटी रैली भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने "अनेकता में एकता" विषय पर स्लोगन लिखकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या रितु चौधरी ने देश की एकता एवं अखंडता हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, दृढ़ निश्चय और त्याग का अद्वितीय उदाहरण है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की एकता और प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन में देशभक्ति और एकता का अद्भुत वातावरण रहा।

# एकादशी पर घर-घर में सजेंगे मंडप आज तुलसी विवाह, गन्ने की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

देवउठनी एकादशी की पूर्व संध्या पर आरंग लाखौली क्षेत्र के हाट-बाजारों में गन्ने की खरीदारी जोरों पर रही। परंपरागत रूप से भगवान विष्णु के जागरण और विवाह पर्व से जुड़े इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कस्बाई इलाकों तक गन्ने की भारी मांग देखने को मिली। शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे व्यापारी और किसानों के चेहरे पर संतोष के भाव झलक उठे।लखोली, आरंग, गोड़ी, भानसोज, खौली, पलौद फरफौद सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों से किसान ट्रैक्टर छोटे हाथी वाहन और ऑटो में भर-भरकर गन्ना लेकर बाजार पहुँचे। जहां एक-एक जोड़ी गन्ना 60 से 100 तक बिका। कुछ जगहों पर ऊँची मांग के कारण कीमतें और भी बढ़ीं। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी देवउठनी पूजा के लिए गन्ना, तुलसी, दीपक, और मिट्टी के बर्तन खरीदते नजर आए।

लाखौली में गन्ना बेचने बस स्टैंड पहुंचे स्थानीय किशन लहरी के



अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में गन्ने की बिक्री लगभग 25 से 30 प्रतिशत अधिक रही।अन्य व्यापारियों का कहना था कि "आज तो सुबह से ही खरीदारों की लाइन लगी रही, शाम तक सारा माल बिक गया।" वहीं गन्ना किसानों के चेहरों पर भी खुशी झलक रही थी क्योंकि गन्ने का अच्छा दाम मिलने से उन्हें राहत मिली।विदित हो कि देवउठनी एकादशी को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। कल सुबह लोग भगवान विष्णु और तुलसी माता की पूजा-अर्चना कर देवउठनी विवाह का आयोजन करेंगे। ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक ढंग से पूजा, भजन-कीर्तन और दीपदान की तैयारियां जोरों पर हैं।ग्रामीणों का कहना है कि "गन्ना इस पर्व का मुख्य प्रतीक है, बिना गन्ने के देवउठनी अधूरी मानी जाती है।" इसलिए इस दिन इसकी खरीदारी को शुभ माना जाता है।इधर देवउठनी की पूर्व संध्या पर गन्ने की जबरदस्त बिक्री ने बाजारों में रौनक ला दी। किसानों को मिला अच्छा मूल्य, व्यापारियों ने की जमकर कमाई, और श्रद्धालु कल की पूजा की तैयारी में जुटे रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े में छात्रों ने ली साफ-सफाई की शपथ



**मंदिर हसौद।** सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार, आज 'स्वच्छता पखवाड़ा' का सफल आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में विभिन्न स्वच्छता केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना था। स्वच्छता शपथः पखवाड़े की शुरुआत कॉलेज संस्थापक श्री प्रवीण चंद्राकरऔर श्रीमती भावना चंद्राकर प्राचार्या, डॉ वैशाली गवारले एवं समस्त स्टाफ द्वारा सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाने के साथ हुई। सभी ने अपने परिसर और आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

परिसर की साफ-सफाईः कॉलेज के छात्रों परिसर, कक्षाओं और खेल के मैदान में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कचरा संग्रहण, खरपतवार हटाने और प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने पर ज़ोर दिया गया।

### पोस्टर प्रतियोगिता हुई

'स्वच्छ भारत' विषय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता के महत्व पर केंद्रित एक जागरूकता जिसमें छात्रों ने नारे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ वैशाली गवारले ने कहा, /"स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। हमारे छात्रों ने जिस उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस पखवाड़े में भाग लिया है, वह सराहनीय है। हमें उम्मीद है कि यह जागरूकता उनके जीवन में भी बनी रहेगी और वे स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान देते रहेंगे। समापन पर, कॉलेज प्रशासन ने विश्वास जताया कि यह पहल भविष्य में भी परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में सहायक होगी।

## पेज 11 के शेष...

### तिथियों का फेर... शहर ....

के समय एकादशी नहीं है, जबकि रविवार को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि व्याप्त रहेगी। ऐसे में रविवार को ही तुलसी पूजन उचित है। कई घरों में रविवार को तुलसी को स्पर्श ना करने अथवा पत्तियां ना तोड़ने की भी परंपरा है। इस कारण भी बड़ी संख्या में लोग आज ही तुलसी विवाह करेंगे।

### स्कूल बंक मारकर ....

वाला था। वह यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मृदुल का पिता मीडियाकर्मी बताया जा रहा है। छात्र सुबह 10 बजे के करीब ब्लू वाटर लेक में पहुंचे थे।
**सर्च कर पहुंचे पिकनिक मनाने** -बताया जा रहा है, छात्र पिकनिक जाने दीपावली के बाद से योजना बना रहे थे। इसके लिए उन्होंने डिस्टिनेशन ढूंढने गूगल से सर्च किया। राजधानी से सटे आसपास का पिकनिक स्पॉट सर्च करने के बाद पिकनिक मनाने ब्लू वाटर लेक का चयन किया। ब्लू वाटर लेक की गहराई काफी ज्यादा है। साथ ही पानी के अंदर बड़े-बड़े पत्थर हैं। पानी के अंदर पत्थर होने की वजह से गहराई का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। पानी की गहराई में जाने की वजह से छात्र लेक में डूबे।

### दो लाख चोरी करने ....

कार देखी। इसके बाद सिपाही कार का पीछा करते हुए कारोबारी के घर तक पहुंचे। कारोबारी जैसे ही कार से उतर रहा था, सिपाहियों ने कार की जांच की। इस दौरान प्रशांत ने कारोबारी के साथ अपने अन्य सिपाहियों की आंख में धूल झोंक कर रुपए पार कर दिए।

### सीसीटीवी से पकड़ी ....

मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी रायपुर एसएसपी को दी। एसएसपी ने पूरे मामले की जांच कराने के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर सिपाही को बर्खास्त करने का निर्णय लिया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार महापौर ट्रॉफी




**रायपुर।** छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं प्रोटीन विला के तत्वावधान में महापौर ट्रॉफी का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया जा रहा है। महापौर ट्रॉफी का उद्घाटन दक्षिण रायपुर के विधायक सुनील सोनी ने किया। बता दें कि इस खेल में 90 प्रतिशत गरीब बच्चे प्रतिभागी होते है। साथ ही दिव्यांग बच्चे भी भाग ले रहे हैं। छग के इतिहास में पहली बार महापौर ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। छग बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दुर्गेश साहू और मानिक ताम्रकार ने बताया कि पॉवर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया के महासचिव दुर्गेश राजोरिया द्वारा श्रीलंका में 26 नवंबर को होने वाली वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भी इसी प्रतियोगिता में चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा छग, प्रशांत कुमार ओडिशा, दुर्गेश राजोरिया यूपी, प्रदीप क्षत्रिय, विनीत कुमार, संजू दास थे।

## निधन

### रवि सोलानी

**रायपुर।** महावीर नगर सिंधु वाटिका



कॉलोनी निवासी रवि सोलानी का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 1 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट जाएगी। वे स्व. मोहनलाल सोलानी के पुत्र, राजेश, राकेश सोलानी के भाई थे।

### शिल्पा वरवंडकर

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी निवासी डॉ.



शिल्पा वरवंडकर (74) का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद और रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर शशि वरवंडकर की पत्नी, सिद्धार्थ और शुचिता वरवंडकर की माता थीं।

### मोहम्मद आफसीन

**रायपुर।** रहमानिया चौक निवासी



मोहम्मद आफसीन का निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद फिरोज के पिता और हाजी अब्दुल फहीम के चाचा थे।

# बिगड़े मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खलिहान में पड़ा है धान, फसल को काटना हुआ मुश्किल

**दिवाली त्योहार के बाद अरली वैराइटी की फसल की कटाई कर मिंजाई हुई थी शुरू, वह अब बारिश की वजह से रूकी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/भिलाई

बिगड़े मौसम ने किसानों को चिंतित कर दिया है। दिवाली के बाद अरली वेरायटी की धान कटाई और उसकी मिंजाई भी शुरू हो गई और धान खलिहान में पड़े हुए हैं। खेतों में भी खड़ी फसलों को काटना है। लेकिन बदली और बारिश के हालात हैं। जिसकी वजह से किसानों ने धान की कटाई बंद कर दी है। जो किसान धान की मिंजाई कर खलिहान में रखे हैं उन्हे बारिश से बचाने जतन कर मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मौजूदाहालात फिर किसानों की फसल को बर्बादी की तरफ ले जा रहा है।

### 15 नवंबर से किसानों को बेचना है धान

प्रदेश सरकार ने इस साल धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू कर रही है। धान खरीदी 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से किसानों से धान खरीदी की जाएगी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से धान खरीदी होगी। धान खरीदी के खरीदी केंद्रों में चबूतरे भी बनाए गए हैं जहां धान का स्टेक लगाया जाएगा।



### नमी की मात्रा 28 प्रतिशत हो

दिवाली के पहले लगातार बारिश हुई है। अरली वेरायटी की धान कटाई और मिंजाई किसान कर रहे हैं। बिगड़े मौसम की वजह से स्वाभाविक है कि धान में नमी की मात्रा बढ़ेगी। इसलिए सरकार से हमारी मांग है कि नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 22 प्रतिशत की जाएं जिससे किसानों को राहत मिल सके।

- **झबेंद्रभूषण वैष्णव**, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

### 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी आई तो नहीं खरीदेंगे धान

खरीदी के लिए जिले में प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है लेकिन बिगड़ते मौसम से किसान दिक्कत में फंस गए हैं। प्रदेश सरकार ने धान में 17 प्रतिशत नमी को ही स्वीकार्य करने का नियम बनाया है। नमी मापने के लिए हर खरीदी केंद्र में आर्द्रता मापक यंत्र भी इस्तेमाल किए जाएंगे। लेकिन जिस हिसाब से बारिश और बदली की स्थिति है वैसे में धान में नमी की मात्रा इस निर्धारित प्रतिशत से बढ़ाना स्वाभाविक है। किसान बताते हैं कि 15 दिनों के भीतर धान खेतों से काटकर खलिहान तक लाने और उसकी मिंजाई भी पूरी कर लेते लेकिन बारिश ने इस काम को प्रभावित कर दिया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस परेड समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर लाल आतंक से होगा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 4 थीं वाहिनी में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री शर्मा ने सभी को एकता दिवस की शपथ भी दिलाई एवं मार्च पास्ट का अवलोकन करने के साथ परेड की सलामी ली।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान अतुलनीय था। सरदार पटेल ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए अखंड भारत को मूर्त रूप दिया, उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ। बिखरे भारत में राजनैतिक एकीकरण में साहसिक भूमिका निभाने के लिये पटेल को लौह पुरूष कहा जाता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, यहां के लोगों के बीच एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में जब देश कई रियासतों में विभाजित था, तब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने उसे एकजुट किया। राष्ट्रीय एकता दिवस देश को एकजुट करने के लिए इनके संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा एवं अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, ध्रुव गुप्ता, बीएस ध्रुव, पुलिस उपमहानिरीक्षक अरविंद कुजूर, सदानंद कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं शहीदों के परिवारजन उपस्थित रहे।



### पुलिस जवानों का बढ़ा आत्मविश्वास

वर्तमान में हम नक्सल मुक्त भारत, नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के राह में चल पड़े हैं विगत दो वर्षों में जवानों ने जो अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है, उसकी चर्चा और परिणाम हम सब देख पा रहे है, अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर पूर्ण रूप से लाल आतंक से मुक्त होगा एवं बस्तर के कोने-कोने में लोकतंत्र और संविधान लागू होगा।



**सैंकड़ों जवानों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिया बलिदान :** आजादी के वर्षों बाद भी देश के कुछ भागों में हमारे सुरक्षाबलों के जवान आतंकवाद एवं नक्सलवाद का सामना करते हुए देश की एकता-अखण्डता एवं प्रदेश तथा देशवासियों की सुरक्षा हेतु अदम्य साहस, वीरता एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य भी लगभग चार दशकों से नक्सलवाद के दंश को झेलता आ रहा है। छत्तीसगढ़ में कार्यरत छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों एवं केन्द्रीय सुरक्षा बल के सैंकड़ों जवानों ने इस लाल आतंक को समाप्त करने अपने प्राणों की परवाह किये बिना लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### उपमुख्यमंत्री ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर नक्सली घटनाओं में शहीद हुए लोगों की याद में लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जहां अब तक हुए नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों के छायाचित्रों को देखकर सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस प्रदर्शनी में पुलिस की नक्सल ऑपरेशन्स में कार्यप्रणाली एवं कल्याणकारी कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है।

### भारतीय शस्त्रों के प्रति दिखाया उत्साह

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 4थी वाहिनी द्वारा लगाए गए राज्य स्तरीय शस्त्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें एलएमजी, यूबीएलजी, असाल्ट रायफल, एसएलआर, जेवीपीसी, एके 47, टियर गन, एक्शन गन आदि का प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान उन्होंने भारत में निर्मित हथियारों पर उत्साह प्रदर्शित किया और अधिकारियों से चर्चा में कहा कि भारत में निर्मित ये अत्याधुनिक हथियार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम हैं, ये आत्मनिर्भर भारत की ओर हमारे बढ़ते कदम हैं।

# क्रांति सेना के कार्यकर्ता रायपुर बंद कराने से पहले गिरफ्तार शाम को ज्ञापन लेने के बाद रिहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना का रायपुर बंद का ऐलान बेअसर रहा। सेना के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने, उनके अध्यक्ष अमित बघेल के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को शून्य करने सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को रायपुर बंद कराने का ऐलान किया था। इसके तहत क्रांति सेना के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित चंद्राकर भवन में शहर को बंद कराने के लिए इकट्ठे भी हुए थे, लेकिन इससे पहले यहां तैनात पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी देते हुए इस भवन में ही उन्हें कैद रखा। शाम को क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद पुलिस ने सभी को रिहा किया। रिहाई के बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए।

### भवन बना अस्थाई जेल, मुख्य गेट पर लगाया ताला

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर क्रांति सेना के करीब 5 हजार लोग महादेव घाट स्थित चंद्राकर भवन में इकट्ठा हुए। क्रांति सेना के ऐलान के अनुसार इस भवन में पहले सभा का आयोजन था। सभा के बाद सभी लोग शहर को बंद कराने के लिए अलग-अलग दल बनाकर निकलते। इधर क्रांति सेना के ऐलान को देखते हुए प्रशासन की ओर से पहले ही भवन के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था। लगभग 50 की संख्या में पुलिस बल भवन के आसपास तैनात रहा। जैसे ही भवन परिसर कार्यकर्ताओं से भर गया, पुलिस ने सभी को गिरफ्तार करने की जानकारी देते हुए भवन के मुख्य गेट को बंद कर उसमें ताला लगा दिया, ताकि कोई भी बाहर नहीं आ पाए। इस तरह पुलिस ने इस भवन को ही अस्थाई जेल बनाकर सभी को शाम 4 बजे तक नजर बंद रखा। शाम को सेना के पदाधिकारियों ने राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद सभी को रिहा कर दिया गया।

# विशेष अभियान 5.0- स्वच्छता ड्राइव का समापन

**रायपुर।** भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय द्वारा 2 से 31 अक्टूबर तक "विशेष अभियान 5.0- स्वच्छता ड्राइव"का आयोजन किया गया। इस एक महीने के लंबे अभियान के दौरान कार्यालय परिसर तथा गोदामों में स्वच्छता बनाए रखने, अनावश्यक वस्तुओं के निस्तारण, अभिलेखों के डिजिटलीकरण एवं कार्यस्थल को अधिक स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

सभीकर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में साफ-सफाई एवं सजावट कार्य संपन्न किए। इस मौके पर अभियान की अध्यक्षता मंडल प्रबंधक रविंदर कुमार यादव ने सभी कर्मचारियों से कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हम सभी को



अपने कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के अभियानों से कार्यस्थल का वातावरण सौहार्द्रपूर्ण एवं सकारात्मक होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। अभियान के अंत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी भावना से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# मामूली विवाद पर चाकू से महिला की हत्या, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर महिला की निर्ममता पूर्वक हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने एक युवक को उम्रकैद के साथ एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर पंचम सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। हत्या की घटना दो वर्ष पूर्व प्रेम नगर में हुई थी। आरोपी उत्तरप्रदेश का रहने वाला है।

- दो वर्ष पूर्व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की घटना

अतिरिक्त लोक अभियोजक रितेश कुमार अवस्थी के अनुसार कोर्ट ने मोहम्मद सुल्तान को मोहम्मद इस्माइल की पत्नी इमराना खातून की हत्या के आरोप में कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मोहम्मद इस्माइल अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। उनके साथ रहने के लिए सुल्तान आया था। 15 फरवरी 2023 को किसी बात को लेकर सुल्तान तथा इमराना के बीच विवाद हुआ। सुल्तान ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे बिस्तर पर पटक दिया और चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।



## गांजा तस्कर को 20 साल कैद, दो लाख जुर्माना

**रायपुर।** गरियाबंद पुलिस द्वारा सात वर्ष पूर्व की गई एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई में कोर्ट ने एक आरोपी को 20 वर्ष कैद के साथ दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई किरण थवाइत की एनडीपीएस स्पेशल कोर्ट में हुई है। घटना में शामिल तीन तस्कर फरार हैं। एक अन्य तस्कर की मौत हो चुकी है।

विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने हरियाणा, हिसार निवासी मंदीप शर्मा को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। गरियाबंद पुलिस ने मंदीप तथा उसके साथियों को गांजा तस्करी करने के आरोप में 22 मई 2018 को गिरफ्तार किया था। मंदीप तथा उसके साथी हरियाणा पासिंग की इनोवा कार में देवभोग से गांजा तस्करी कर रायपुर ला रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार कर रोक तलाशी ली, तो कार के अंदर 13 पैकेट में गांजा मिला। पुलिस कार की जांच कर रही थी। इस दौरान मंदीप के अन्य साथी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए।

## बिजनेस साइट

### जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भारत की पहली इन्फ्रारेड न्यूरो सर्जरी की सुविधा शुरू

**रायपुर।** भाठागांव ढेबर सिटी मोड़ के सामने स्थित जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया है। अस्पताल में भारत की पहली इन्फ्रारेड न्यूरो सर्जरी (भयमुक्त न्यूरोसर्जरी) की सुविधा शुरू की गई है। यह तकनीक 'राइट इफेक्ट, नो साइड इफेक्ट' सिद्धांत पर आधारित है, जिससे मरीज की रिकवरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कहीं तेज होती है।

अस्पताल में न्यूरो सर्जरी, ऑर्थो सर्जरी, कैंसर सर्जरी, यूरो सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल और गैस्ट्रो एंट्री सर्जरी सहित अनेक विशेष सेवाएं उपलब्ध हैं। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, वेंटिलेटर, 24 घंटे आपातकालीन सेवा, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, रेडियोलॉजी और फार्मेसी जैसी




सुविधाएं यहां दी जा रही हैं। अस्पताल में सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड और मेडिक्लेम योजना के अंतर्गत किए जाते हैं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जनसंपर्क अधिकारी विमल नायर को भावपूर्ण विदाई



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क) विमल नायर को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावपूर्ण विदाई दी गई। श्री नायर ने लगभग 40 वर्षों तक बैंक की निष्ठापूर्वक सेवा की। वर्ष 1986 में बैंक से जुड़ने के बाद से उन्होंने संगठन के विकास और जनसंपर्क सुदृढ़ीकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे राज्य सरकार, पुलिस विभाग, विभिन्न संस्थानों एवं बैंक के विशिष्ट ग्राहकों के साथ उत्कृष्ट समन्वय के लिए विशेष रूप से प्रशंसित रहे। रायपुर में पिछले 15 वर्षों के दौरान उन्होंने बैंक की जनसंपर्क गतिविधियों का सफल संचालन किया और छत्तीसगढ़ में बैंक की साख को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम में बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख बीआर राम कृष्ण नाइक, एक्स डीजीएम मोहन सी. सैमुअल, डीआरएच एन. दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके योगदान की सराहना की और उत्तम स्वास्थ्य व सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्री नायर की कार्यनिष्ठा, टीम भावना और समर्पण को सदैव याद किया जाएगा।

### कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, रायपुर द्वारा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके छत्तीसगढ़ राज्य के औषधीय पौधों की लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण दृष्टिकोण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड द्वारा प्रायोजित तथा जनप्रगति शिक्षा



सोसायटी द्वारा सह-प्रायोजित था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विमल कुमार, डीन, आईटीएम बड़ौदा विश्वविद्यालय, गुजरात रहे। उन्होंने औषधीय पौधों, सुपरफूड्स और एआई उपकरणों के प्रयोग पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। दूसरे सत्र में डॉ. आकांक्षा पांडे ने औषधीय पौधों के उपचार में एआई के उपयोग पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में प्रो. शिवशंकर शुक्ल सहित सभी गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दो दिवसीय संगोष्ठी में 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 49 छात्रों द्वारा पोस्टर की प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को सम्मानित किया गया।

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव, पहले चरण की गिनती पूरी, 15 नवंबर तक परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर-बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतगणना का पहला राउंड लगभग पूरा हो गया है। 15 नवंबर तक अंतिम परिणाम आने की बात कही जा रही है।

फिलहाल अब तक की गिनती में सक्ती के कमल किशोर पटले 417 वोटों के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। ध्यान रहे कि इस बारे के चुनाव में 25 पदों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि कि चुनाव के लिए मतदान 30 सितंबर को हुआ था, जिसके बाद 13 अक्टूबर से हाईकोर्ट परिसर में मतगणना शुरू हुई है।

- 25 राउंड में होगी मतगणना, 25 पदों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में

पूरे प्रदेश के बैलेट पेपर यही मंगाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काउंटिंग हो रही है। ध्यान रहे कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया था, जिससे गिनती में अधिक समय लग रहा है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक 25 राउंड में काउंटिंग पूरी होगी जिसमें पहले राउंड की गणना पूरी होने वाली है।




### रायगढ़ जिले से सर्वाधिक 67 वोट

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव में अब तक सर्वाधिक वोटों से आगे चलने वाले कमल किशोर पटेल सक्ती जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी हैं। इसके साथ ही वे बिलासपुर हाईकोर्ट में वकालत करते हैं। इस चुनाव में उन्होंने रायगढ़ जिले से सर्वाधिक 67 वोट हासिल किए हैं, जबकि सक्ती से 47 वोट और हाईकोर्ट से 28 वोट प्राप्त किए हैं। इस तरह, इस चुनाव में वे सर्वाधिक प्रथम वरीयता वोट प्राप्त करने वाले टॉप अधिवक्ता उम्मीदवार बने हुए हैं।

### इन उम्मीदवारों को मिले वोट

- कमल किशोर पटेल- 417
- शैलेंद्र दुबे - 366
- शत्रुघन सिंह- 362
- भास्कर प्रसाद साहू- 355
- बृजेश नाथ पांडे- 334
- रविन्द्र कुमार पराशर- 313

## पेज 11 के शेष

### तिथियों का फेर...

के समय एकादशी नहीं है, जबकि रविवार को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि व्याप्त रहेगी। ऐसे में रविवार को ही तुलसी पूजन उचित है। कई घरों में रविवार को तुलसी को स्पर्श ना करने अथवा पत्तियां ना तोड़ने की भी परंपरा है। इस कारण भी बड़ी संख्या में लोग आज ही तुलसी विवाह करेंगे।

### स्कूल बंक मारकर ....

वाला था। वह यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मृदुल का पिता मीडियाकर्मी बताया जा रहा है। छात्र सुबह 10 बजे के करीब ब्लू वाटर लेक में पहुंचे थे।

**सर्च कर पहुंचे पिकनिक मनाने :** बताया जा रहा है, छात्र पिकनिक जाने दीपावली के बाद से योजना बना रहे थे। इसके लिए उन्होंने डिस्टिनेशन ढूंढने गूगल से सर्च किया। राजधानी से सटे आसपास का पिकनिक स्पॉट सर्च करने के बाद पिकनिक मनाने ब्लू वाटर लेक का चयन किया। ब्लू वाटर लेक की गहराई काफी ज्यादा है। साथ ही पानी के अंदर बड़े-बड़े पत्थर हैं। पानी के अंदर पत्थर होने की वजह से गहराई का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। पानी की गहराई में जाने की वजह से छात्र लेक में डूबे।

### दो लाख चोरी करने ....

कार देखी। इसके बाद सिपाही कार का पीछा करते हुए कारोबारी के घर तक पहुंचे। कारोबारी जैसे ही कार से उतर रहा था, सिपाहियों ने कार की जांच की। इस दौरान प्रशांत ने कारोबारी के साथ अपने अन्य सिपाहियों की आंख में धूल झोंक कर रुपए पार कर दिए।

### सीसीटीवी से पकड़ी ....

मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी रायपुर एसएसपी को दी। एसएसपी ने पूरे मामले की जांच कराने के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर सिपाही को बर्खास्त करने का निर्णय लिया।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की ली शपथ

**रायपुर।** भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुजराती शिक्षण संघ द्वारा देवेंद्र नगर स्थित गुजराती स्कूल परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों सहित शिक्षकों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। उपस्थित समस्तजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया और सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करने का वचन दिया। इस अवसर पर गुजराती शिक्षण संघ के उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल, सचिव हेमंत गोहिल, हिंदी माध्यम शाला प्राचार्य अनीस मेमन, अंग्रेजी माध्यम शाला प्राचार्य डॉ. शैलेष शर्मा, को-ऑर्डिनेटर संघमित्रा, प्राथमिक विभाग प्रभारी योगिता टांक, संस्था रजिस्ट्रार अशोक जाचक उपस्थित थे।

### एनएचएम कर्मियों ने की नियमितीकरण की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने आज लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर हड़ताल अवधि में बर्खास्त 25 कर्मचारियों की बहाली की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग की। इसके अलावा नियमितिकरण के किए गए वादे को को शीघ्र पूरा करने का निवेदन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सभी अधिकारी, कर्मचारी, आम जनता एवं सभी वर्गों का विशेष योगदान है। एनएचएम कर्मचारियों की राज्य की स्वास्थ्य सेवा को मज़बूती देने में भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

### जोधपुर के राष्ट्रीय सम्मेलन में जिंदल ने दिया व्याख्यान

**रायपुर।** एम्स के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक जिंदल को एम्स जोधपुर में आयोजित ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ मेडिकल सोशल वर्क प्रोफेशनल्स के 11 वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं ने भाग लिया और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सामाजिक कार्य की बदलती भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

### संतोष शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा



(राजिम) के शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक संतोष शर्मा ने मैट्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध प्रबंध का शीर्षक-''उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि का उनकी समायोजन क्षमता एवं व्यवसायिक तनाव पर प्रभाव का अध्ययन'' रहा है। इस उपलब्धि पर उनके शिक्षक एवं परिवार के लोगों ने बधाई दी।

# पीएम कारकेट के अलावा हर कार्यक्रम स्थल पर एएलएस एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे विशेषज्ञ डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले के अलावा आयोजित सभी कार्यक्रम स्थल पर एक-एक एडवांस लाइफ सिस्टम वाली एंबुलेंस और डाक्टरों की टीम तैनात रहेगी। इसके अलावा अप्रिय स्थिति से निपटने राज्योत्सव मेला स्थल पर 10-10 बेड के दो अस्पताल बनाए गए हैं। प्रत्येक डोम में आवश्यक दवाओं के साथ डाक्टर और नर्सों की तैनाती की गई है। 16 पार्किंग स्थल पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन और राज्योत्सव में आने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से तैयारी की गई है। इसके तहत प्रधानमंत्री मोदी के एयरपोर्ट से निकलने वाले काफिले में एक एएलएस एंबुलेंस के साथ एनीस्थिसिया, मेडिसिन और हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया गया है। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम उनके हर कार्यक्रम यानी सत्यसाईं संजीवनी, ब्रम्हाकुमारी संस्थान, विधानसभा और म्यूजियम के उद्घाटन के दौरान तैनात रहेगी। इसके अलावा समारोह में आने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए राज्योत्सव स्थल पर दो अलग-अलग स्थानों पर 10-10 बेड के दो अस्पताल बनाए गए हैं। निर्धारित किए गए 16 पार्किंग स्थल पर सामान्य एंबुलेंस के साथ मेडिकल ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम लगाई गई है। इसके साथ मेला स्थल पर बनाए गए 6 डोम और 3 टेंट में भी चिकित्सकीय स्टाफ को जरूरी दवाओं के साथ तैनात किया गया है। आपात स्थिति होने पर लोगों को प्राथमिक उपचार के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को अलर्ट रखा गया है।

**खास बातें**

- राज्योत्सव में 10-10 बेड के दो अस्पताल, प्रत्येक डोम और टेंट में डाक्टर और नर्सों की टीम
- 16 पार्किंग स्थल पर एंबुलेंस, मेडिकल ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ की लगाई गई ड्यूटी



**500 मितानिन और 300 मेडिकल टीम**

सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि राज्योत्सव में होने वाले कार्यक्रम के लिए 500 मितानिनों की ड्यूटी भी लगाई गई है। साथ ही चिकित्सकीय स्टाफ के रूप में डाक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल मिलाकर 300 कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनकी निगरानी के लिए जिला और राज्य स्तर पर नोडल अफसर भी बनाए गए हैं।

## जिस रूट से गुजरेगा प्रधानमंत्री का काफिला, वहां की सड़क के किनारे बेरिकेड्स का घेरा


# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद, पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्योत्सव के रजत जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होने शनिवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक दिन पूर्व शुक्रवार को पुलिस की अलग-अलग टीम शहर के होटल, लॉज, ढाबा के साथ इंटर स्टेट बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट में जांच करने पहुंची। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की सुरक्षा में राज्य के अलग-अलग जिलों से आए पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया है।

- रेलवे स्टेशन सहित शहर के होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस टर्मिनल में संदिग्धों की जांच

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने की जानकारी दी थी। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए वे जिन रूट से जाएंगे, उन रूट में आवाजाही एक दिन पूर्व बंद करने की जानकारी दी थी। रेलवे तथा इंटर स्टेट बस टर्मिनल में पुलिस की अलग-अलग टीम ने संदिग्ध यात्रियों के सामान की जांच की। पुलिस की टीम ने बसों की जांच करने के साथ बस ऑपरेटरों को संदिग्धों के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए।






**घुमंतू लोगों से खाली कराया स्टेशन परिसर**

प्रधानमंत्री के आगनम को देखते हुए जीआरपी के साथ आरपीएफ भी अलर्ट मोड पर है। जीआरपीएफ ने शुक्रवार को स्टेशन परिसर के आसपास बेवजह घूमने वाले घुमंतू लोगों से स्टेशन परिसर को खाली कराया। इसके साथ स्टेशन के बाहर अस्थायी तौर पर झोपड़ी बनाकर रहने वाले लोगों से परिसर खाली कराया।

**एसपीजी ने किया रीव्यू**

प्रधानमंत्री के आने की पूर्व संध्या पर एसपीजी ने शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को एक बार फिर से रीव्यू किया है। साथ ही एसपीजी के अफसरों की पुलिस के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पुलिस अफसरों के साथ व्यवस्था संभालने वालों को उनकी ड्यूटी के बारे में पुनः जानकारी दी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अफसरों की अलग से गोपनीय बैठक लेने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

**नवा रायपुर आने-जाने वालों की जांच**

नवा रायपुर पहुंचने के सभी मार्गों में बैरिकेडिंग कर आने-जाने वाले लोगों की जांच की जा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीम नवा रायपुर में पेट्रोलिंग कर गश्त कर रही है। साथ ही नवा रायपुर जाने वाले लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस लोगों को नवा रायपुर जाने अनुमति दे रही थी। जो नवा रायपुर क्षेत्र के रहवासी हैं, उन्हें हिदायत देकर पुलिस तय रास्ते से जाने की सलाह देते दिखी।

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति में भी बदलेंगे चेहरे, अगले माह ऐलान की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव संभव

प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में भी बदलाव होगा। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरों भी बदल गया है। कार्यसमिति के सदस्यों के साथ ही स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव की संभावना है। कार्यसमिति के नए सदस्य दीपावली से पहले तय होने थे, लेकिन अब तक तय नहीं हो सके हैं। अब राज्योत्सव और बिहार चुनाव के बाद ही अगले माह कार्यसमिति का ऐलान होने की संभावना है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ है। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका ऐलान दीपावली तक करने की तैयारी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। लगातार भाजपा के कार्यक्रमों के कारण कार्यसमिति अटकी हुई है। इस समय प्रदेश के कई नेता जहां बिहार विधानसभा चुनाव में गए हैं, वहीं राज्योत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन में भी प्रदेश संगठन जुटा है। ऐसे में अगले माह ही कार्यसमिति का ऐलान संभव होगा।

**बदले जाएंगे कई चेहरे**

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं।


# तकनीकी छात्रों की खेल में ऐसी दिलचस्पी... महाविद्यालय 176 और खिलाड़ी सिर्फ 15!


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंजीनियरिंग छात्रों की दिलचस्पी खेलों में इतनी अधिक घट गई है कि तकनीकी विवि को संबद्ध महाविद्यालय की संख्या के बराबर भी खिलाड़ी प्रतिभागी नहीं मिल सके। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। अलग-अलग जिलों को अलग-अलग खेलों की मेजबानी दी गई है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर को योग स्पर्धा की मेजबानी मिली। स्पर्धा शुक्रवार को महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रखी गई। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अंतर्गत इंजीनियरिंग के साथ फॉर्मेसी और मैनेजमेंट कॉलेज भी शामिल हैं। ऐसे में सीएसवीटीयू से मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों की संख्या 176 तक पहुंच गई है। इन सभी महाविद्यालय के छात्रों के लिए सीएसवीटीयू ने स्पर्धा रखी थी, लेकिन विद्यार्थियों ने विशेष दिलचस्पी इन खेल में नहीं ली।

शुक्रवार को हुई योग स्पर्धा में बालक वर्ग में 7 तथा बालिका वर्ग में केवल 9 प्रतिभागी ही पहुंचे थे। इस तरह से केवल 8.52 प्रतिशत महाविद्यालय के खिलाड़ी ही स्पर्धा का हिस्सा बने। विजेता छात्र अब विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। विवि द्वारा अन्य खेल प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि टीम गठन कर राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में खिलाड़ी भेजे जा सकें। कबड्डी, बॉलीवॉल, क्रिकेट जैसे टीम गेम में अपेक्षाकृत अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन योग जैसे एकल भागेदारी वाले खेलों में अधिक संख्या में खिलाड़ी छात्र नहीं पहुंच रहे हैं।







**4 खिलाड़ी रजिस्टर्ड तो स्पर्धा अनिवार्य**

विश्वविद्यालय के नियमानुसार, यदि किसी खेल प्रतियोगिता के लिए 4 खिलाड़ी भी पंजीकृत होते हैं, तो उनके लिए प्रतिस्पर्धा आयोजित करना अनिवार्य है। योग स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले छात्रों के लिए विवि ने वेन्यू निर्धारित करने से लेकर निर्णायकों की भी नियुक्ति की। स्पर्धा में हिस्सा लेने आए खिलाड़ी छात्रों से अधिक संख्या निर्णायकों और व्यवस्था बनाने में लगे अधिकारियों और प्राध्यापकों की नजर आई। विवि के खेल निदेशक के.भारद्वाज ने कहा, हम खिलाड़ी छात्रों को प्रोत्साहित करने कई तरह की नीतियां तैयार कर रहे हैं। अगले सत्र से खिलाड़ी छात्रों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी।

**इनका हुआ चयन**

*यश देशाले आरसीईटी भिलाई, तोषानी साहू बीआईटी दुर्ग, आदर्श सिंह पॉलीटेक्निक कॉलेज दंतेवाड़ा, डुमेश कुमार जीईसी रायपुर, प्रदीप कुमार केंवट आरसीपी रायगढ़, कलेश चंद्रवंशी सीईसी बिलासपुर, सूर्यप्रकाश शुक्ला सीईसी बिलासपुर, सीमा पटेल जीजीपी रायपुर, स्नेहा गुप्ता जीजीपी रायपुर, खुशी जीजीपी रायपुर ,इतिशा लहरे जीजीपी रायपुर, साक्षी जीजीपी रायपुर, पल्लवी वर्मा जीजीपी रायपुर, रूपाली साहू एलसीआईटी बिलासपुर, लावण्या जीजीपी रायपुर का सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय योगासन टीम के लिए चयन किया गया है। ये खिलाड़ी छात्र आगामी अखिल भारतीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय योगासन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।*

# शहीद विद्याचरण शुक्ल के राज्य निर्माण में योगदान को याद करने विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के अग्रणी नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल के राज्य निर्माण में योगदान को स्मरण करने शुक्रवार को विचार गोष्ठी शुक्ल भवन बूढ़ापारा में सम्पन्न हुई। 1 नवंबर को सुबह 10 बजे विद्याचरण शुक्ल उद्यान में विद्या भैया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी एवं 21 जनवरी को वृहद प्रादेशिक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसी दौरान पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल ने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अविभाजित



मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल की देन है, बस्तर पहले आंध्रप्रदेश में समाहित किया जा रहा था, जिसे पं. रविशंकर शुक्ल के विरोध के कारण मध्यप्रदेश में ही रहने दिया गया, अगर बस्तर मध्यप्रदेश से अलग हो जाता तो छत्तीसगढ़ नहीं बन पाता, शहीद विद्याचरण शुक्ल ने प्रबुद्धजनों की मांग पर छत्तीसगढ़ संघर्ष मोर्चा का गठन किया।

**ये हुए शामिल**

*कार्यक्रम में प्रवक्ता नितिन कुमार झा, महामंत्री रामअवतार देवांगन, प्रवक्ता नितिन कुमार झा, चंद्रशेखर शुक्ला, सलाम रिजवी, बीरेश शुक्ला, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, कोरमा राव भिलाई, अधिवक्ताद्वय मनोज ठाकुर, संजय मिश्रा अभनपुर, आभा मरकाम, शिरीष अवस्थी, विकास गुप्ता, चौलेश्वर चंद्राकर, अनुभवचरण शुक्ल, गंगा यादव, पुष्पेंद्र परिहार, रवि शर्मा, राहुल शुक्ला आदि उपस्थित थे।*

### खुली रहेगी ओपीडी

**रायपुर।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जहां प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों और शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश घोषित किया गया है। वहीं राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ.भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में छुट्टी नहीं रहेगी। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल 1 नवंबर को ओपीडी सेवा को पूर्व की भांति संचालित रखने का निर्देश जारी किया गया है।

**हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

### वल्लभ भाई पटेल की मनी जयंती

**रायपुर।** उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशा और रायपुर नगर निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शुक्रवार को निगम मुख्यालय में महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष नगर निगम अपर आयुक्त कृष्णा खटिक ने नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को उपायुक्त मोनेश्वर शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान की उपस्थिति में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सामूहिक शपथ दिलाई।















02



तुलसी विवाह का मंडप सजाने दिनभर....

लाइव इवेंट

## प्रधानमंत्री आज फ्रीडम फाइटर म्यूजियम में देखेंगे अंग्रेजों से लड़ते आदिवासियों का संघर्ष



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर स्थित ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम का आज लोकार्पण कर प्रदेशवासियों को सौगात देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के पहले डिजिटल ट्राइबल म्यूजियम शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सहजनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय में अंग्रेजों से लड़ते आदिवासियों के साहस-संघर्ष का अद्भुत नजारा देखेंगे। ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम के रूप में प्रधानमंत्री राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आदिवासी समुदाय के उन वीर नायकों, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। यह भव्य संग्रहालय उन आदिवासी वीर नायकों को समर्पित है, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति दी और छत्तीसगढ़ की अस्मिता की रक्षा की। यह म्यूजियम आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति के प्रेरणा का माध्यम बनेगा। आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा जहां देशभर के आदिवासियों के प्रेरणापुंज हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में सोनाखान के जमींदार वीरनारायण सिंह ने फिरंगियों के विरुद्ध बिगुल फूंका था। उन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रथम शहीद माना जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद वीरनारायण सिंह और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले आदिवासी नायकों की स्मृतियों को सहेजने के उद्देश्य से नवा रायपुर में इस अद्वितीय संग्रहालय की स्थापना का निर्णय लिया, जो आज साकार रूप लेगा। यह प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण होगा।

### 50 करोड़ की लागत से बना अनूठा डिजिटल संग्रहालय



नवा रायपुर के सेक्टर-24 में लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह-जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय है। इसकी डिजाइन, अवधारणा और तकनीकी संरचना आधुनिकतम मानकों पर आधारित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक वीएफएक्स टेक्नोलॉजी, प्रोजेक्शन सिस्टम, डिजिटल स्क्रीन और मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे आगंतुक हर कथा को डिजिटल माध्यम से अनुभव कर सकेंगे।



### संग्रहालय के पार्क में घोड़े पर सवार शहीद वीरनारायण सिंह की भव्य प्रतिमा

संग्रहालय परिसर के पार्क में घोड़े पर सवार शहीद वीरनारायण सिंह की भव्य स्टैचू स्थापित किया गया है, जो दर्शकों में वीरता व शौर्य की भाव भर रहा है। इसके अलावा दूसरे वीर आदिवासी नायकों का भी भव्य स्टैचू स्थापित किए गए हैं। संग्रहालय में सेल्फी प्वाइंट, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं, ट्राइबल आर्ट से सजा फर्श और भगवान बिरसा मुंडा, शहीद गैंदसिंह की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। ये सभी तत्व संग्रहालय को एक जीवंत सांस्कृतिक और भावनात्मक अनुभव का केंद्र बना रहे हैं।

वर्तमान में अच्छा करो, ताकि भविष्य में आपके साथ बुरा न हो, यही करमा है...नाटक में जीवन की सीख

# छात्रों ने मंच पर साकार की ओडिशा बॉर्डर के सुअरमारगढ़ की 350 वर्ष पुरानी स्थापना गाथा

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का भव्य समापन शुक्रवार को हुआ। अंतिम दिन देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा, जहां छात्रों ने शानदार अंदाज में जीवंत नाटकीय प्रस्तुति दी। युवा महोत्सव में प्रदेशभर से लगभग 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, इन तीन दिनों में पेंटिंग, कार्टूनिंग, शास्त्रीय नृत्य-गायन, लोकनृत्य-संगीत, वाद-विवाद, रंगोली और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें रायपुर, धमतरी, दुर्ग-भिलाई, महासमुंद, अभनपुर से शामिल 50 से अधिक कॉलेजों ने हिस्सा लिया।





**रायपुर।** " चिड़ियों की चहचहाहट, खेती करता किसान, प्राकृतिक सुंदरता, वीरों की युद्ध कला, शिकार कर जीवनयापन करते लोग, राजाओं की युद्ध रणनीति... यह सुंदर नजारा एक ही मंच पर सजा नजर आया। नौ छात्रों के समूह ने ओडिशा बॉर्डर पर स्थित सुवरमार गढ़ के नाम स्थापना के इतिहास को बताया। नाटक के वक्त छात्रों के चेहरों के हाव-भाव मानों दर्शकों को 350 साल पहले की दशा में ले गए हों, जहां लोग प्रकृति की सुंदर गोद में रहकर वीरों का सम्मान किया करते थे।"





### गुमशुदा गधा नाटक ने गुदगुदाया

हास्य से भरपूर 25 मिनट के 'गुमशुदा गधा' नाटक ने सभागार में मौजूद प्रत्येक दर्शक के चेहरे पर मुस्कान ला दी। इसमें सामाजिक बुराई को व्यंग्य के माध्यम से दिखाने के प्रयास किया गया कि देशभर में सामाजिक, स्वास्थ्य व राजनीतिक क्षेत्रों में केवल गधे ही तैयार हो रहे हैं। बुद्धिजीवी व्यक्ति समाप्त हो चुके हैं। शासकीय महाविद्यालय कंडेल धमतरी के छात्रों ने केवल 2 घंटे में यह नाटक तैयार किया था, जिनकी प्रस्तुति में समाज की बुराईयों की झलक देखने को मिली।

### वीरता और ऐतिहासिक इतिहास ने छोड़ी छाप

नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान, महासमुंद के छात्रों ने मंच पर वीरता और ऐतिहासिक विरासत को जीवंत किया। जहां सुअरमार गढ़ से संबंधित 350 साल पहले के प्राचीन इतिहास को नाटक के माध्यम से पिरोया है, साल 1660 में होने वाले दो वीर, दूधी शाह और कोहांगी शाह की वीरता की प्रस्तुति दी गई। नाटक में सुअरमार गढ़ नाम की स्थापना व प्राचीन इतिहास की सच्ची घटना पर आधारित विरासत को बताया गया। छात्रों ने दो राजाओं के बीच होने वाले युद्ध, दो वीर जवानों की शिकार और बुद्धि कला को बताया।





### 'कर्म का फल' नाटक ने दिखाया जीवन का सच्चा आईना

जो बीत चुका, वो भी सही था..जो चल रहा, वो भी सही है..और आने वाला कल भी सही होगा...यह लाइन मानों जीवन की सच्चाई से जुड़ी है। जहां लोग अपने कर्मों का फल स्वयं पाते हैं, व्यक्ति के मन में लालच, ईमानदारी और दूसरों के प्रति दुर्व्यवहार का हिसाब इसी जन्म में होता है। यह संदेश 'कर्म का फल' नाटक के माध्यम से पं. रामसखा उपाध्याय कॉलेज के छात्रों ने देने का प्रयास किया।



### मुंशी प्रेमचंद की रचना पंच परमेश्वर का मंचन

मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'पंच परमेश्वर' दो दोस्तों जुम्मन शेख और अलगू चौधरी की दोस्ती और पंचायत न्याय पर आधारित रही। मंचन के दौरान गांव ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली पंचों की बैठक, न्याय व्यवस्था और निष्पक्षता के फैसलों को दर्शाया गया। इसमें बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे..दूध का दूध, पानी का पानी..पंच न ही किसी का मित्र है और न ही किसी का दुश्मन...जैसी पंच लाइन सुनने को मिलीं। इसे दुर्ग के संत गुरु घासीदास शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने प्रस्तुत किया।

## अंगना म भारत माता के सोन के बिहनिया ले चिरैया बोलै

शास्त्रीय संगीत में राग भैरवी, राग कलावती राग अहीर भैरव पर आधारित लयबद्ध प्रस्तुति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में गायन विभाग द्वारा विशेष शास्त्रीय संगीत पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य शास्त्रीय संगीत के विविध रागों में छत्तीसगढ़ की बोली, भाव और संस्कृति को केंद्रित करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रा पायल भट्ट की एकल प्रस्तुति से हुई, जिन्होंने देशभक्ति गीत "अंगना म भारत माता के सोन के बिहनिया ले चिरैया बोले" की प्रस्तुति दी। वहीं प्रीति साहू के मोर छत्तीसगढ़ के माटी...लोकगीत ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं।



### सांस्कृतिक धरोहर का बखान

*मोर भाखा संग दया मया के...झन छेंक मोला बनवारी, मोर सास ननद दीहि रे गारी..मन मोहिनी डारे ना, गुरतुर गोठिया के मन मोही डारे..हंसा तोर सवारी बंदौं सरस्वती महतारी..जैसे लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी संगीत पर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान तबला, मंजीरा, हारमोनियम की लयबद्ध प्रस्तुति ने लोकगीत को जीवंत बनाने में मदद की। शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में एक से बाद एक यादगार गीतों की प्रस्तुति दी गई, जहां छात्रों ने शिक्षकों के निर्देशन में संगीतमय कार्यक्रम पेश किया। इसमें पारंपरिक रूप से राग भैरवी, राग देशकार में त्रिताल मध्य लय, राग कलावती, राग अहीर भैरव और राग भैरवी में छात्रों ने सुमधुर संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। जहां प्रत्येक धुन छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर का बखान करती दिखी।*

## विजिलेंस अवेयरनेस वीक पर निबंध लेखन, 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' नुक्कड़ नाटक से दिया मैसेज

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह शुक्रवार को हुआ। एनआईटी में 27 से 31 अक्टूबर तक "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर विजिलेंस अवेयरनेस वीक का आयोजन संस्थान के मुख्य विजिलेंस अधिकारी डॉ. प्रभात दीवान के मार्गदर्शन में किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक व पुरस्कार वितरण समारोह जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉ. विवेक अग्निहोत्री ने आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के बारे में बताया एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।



### निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता

निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ध्रुव शर्मा, द्वितीय स्थान पर अनुज चंद्र झा और तृतीय स्थान पर सई भाकरे एवं आयुषी तिवारी संयुक्त रूप से विजेता रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष वर्ग से प्रथम स्थान पर जागृति सिंह, द्वितीय स्थान पर आस्था प्रधान रही, वहीं विपक्ष वर्ग में प्रथम स्थान संकल्प वैद्य और द्वितीय स्थान रोहित तुरानी ने प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के पहले एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। नाटक के माध्यम से सतर्कता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रस्तुति में उदाहरणों के माध्यम से यह दिखाया गया कि भ्रष्टाचार कहां-कहां और किस प्रकार हो रहा है और इससे कैसे लड़ा जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-2 में कार्यक्रम का शुभारंभ

## लौहपुरुष की जयंती पर बच्चों ने रंगोली, भाषण चित्रकला प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**रायपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व कार्यक्रम के अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, पिच-2 में कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत शपथ दिलाई। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्यगाथा को याद करते हुए उनके परिजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा कार्यक्रम रंगोली, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। अति विशिष्ट अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक रायपुर उत्तर राजेश मूणत विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार तथा संचालक तनूजा सलाम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



### विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया

*भाषण, रंगोली, कवितापाठ और चित्रकला प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के कविता पाठ विधा में रोशनी द्विवेदी, भाषण में अनुश्रुति कुंभलकर, चित्रकला में वंदना मेघानी तथा रंगोली विधा में निकिता पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में खेल विभाग के जितेंद्र नायक, प्रवेश जोशी, सुशांत पॉल, गिरीश शुक्ला, टीएन रेड्डी सहित जनप्रतिनिधि, खेल अकादमी के प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए हुए शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, प्रिंट मीडिया सहित लगभग हजार की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित प्रतिभागियों एवं खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा स्वल्पाहार प्रदाय किया गया।*




## धर्म लाइव

# राम दरबार में गोपाष्टमी पर्व पर जुटे श्रद्धालु, हनुमान चालीसा का किया पाठ



**रायपुर।** राम दरबार महिला समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट धमधा रोड स्थित राम मंदिर में पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ आंवला नवमी और गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक साथ मिलकर राम दरबार में राम जी के 108 मनका एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही दीपदान भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखते हुए महिलाओं आंवला के एक-एक पौधे उपहार स्वरुप भेंट किया गया।

### दिनभर भजन-कीर्तन चलता रहा सिलसिला

आवला पेड़ से जुड़े कहानी का पाठन कमलेश गोयल द्वारा किया गया। आंवला नवमी व गोपाष्टमी पर्व पर राम मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन गुंजायमान रहे। पूजा-अर्चना के बाद अन्नकूट का प्रसाद सामूहिक रूप से वितरण किया गया। इस अवसर पर राम दरबार महिला समिति की मंजू प्रेम अग्रवाल,उषा सुधीर अग्रवाल, वंदना राजेश गुप्ता, प्रीति मनोज राजगड़िया के अलावा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सिटी लाइव

# स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ का लिया संकल्प



**रायपुर।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दीपावली मिलन समारोह चेम्बर कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों ने स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनो का संकल्प लिया। चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि 19 दिसंबर को आयोजित गौरव दिवस के पूर्व चेम्बर के सदस्य विभिन्न बाजारों में जाकर आम जनों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक नीति नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। हमें आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत मिशन 2047 की दिशा में यह छोटा पर महत्वपूर्ण कदम उठाना होगा। भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा और चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने बताया कि आगामी माह में नये उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंडस्ट्रियल सोलर एवं इनोवेटिव एंटरप्रेन्योरशिप पर एक बड़ा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में पवन जिंदल, सुनील मिश्रा, मनोहर कृष्णानी, शिवराज शर्मा, प्रेमरतन गहलोत, चिन्ना राव, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## आराधना

# धुनुची नृत्य कर माता जगतधात्री को किया प्रसन्न, श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित



**रायपुर।** बंगाली समुदाय के सदस्यों ने में धार्मिक उत्साह के साथ जगतधात्री पूजा मनाई। शहर के अन्य स्थानों जैसे हाउसिंग बोर्ड, हुडको कालीबाड़ी आदि में भी बंगाली समुदाय द्वारा पूजा का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अनुष्ठान में भाग लिया। सिंधिया नगर कालीबाड़ी में पुजारी देबाशीष मिश्रा ने अपनी टीम के साथ पूजा अनुष्ठान संपन्न कराए और श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। शाम को कालीबाड़ी परिसर में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्वराधि ऑर्केस्ट्रा समूह ने भक्ति और अन्य गीत प्रस्तुत किए। अध्यक्ष अभिजीत मित्रा ने बताया कि हर साल दिवाली के दसवें दिन बंगाली समुदाय जगधात्री पूजा मनाता है। बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और धुनुची नाच और ऑर्केस्ट्रा का आनंद लिया। महासचिव शीतल दास ने बताया कि देवी जगधात्री देवी दुर्गा का एक रूप हैं। देवी जगधात्री दिव्य शक्ति और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक हैं। यह उत्सव अपने जीवंत अनुष्ठानों, कलात्मक मूर्तियों की स्थापना, जगमगाते पंडालों और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है।

● आज देवउठनी एकादशी पर घर-घर देवों का पूजन और तुलसी-शालिग्राम का विवाह

# तुलसी विवाह का मंडप सजाने दिनभर बिके गन्ने प्रसादी चढ़ाने सिंघाड़ा, फल-फूल की खूब रही मांग

*आज देवउठनी एकादशी पर घर-घर देवों का पूजन होगा और तुलसी-शालिग्राम का विवाह होगा। शुक्रवार को शहर के बाजारों में लोग गन्ने, सिंघाड़ा और शकरकंद, फल-फूल व पूजा सामग्री की खूब मांग रही। एकादशी पर देवों का पूजन विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री से करने की परंपरा है। साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह के लिए घर के आंगन में तुलसी चौरा को विवाह मंडप के रूप में गन्ने से सजाया जाता है। इसी के साथ वैवाहिक सीजन की शुरुआत होगी।*





**रायपुर।** देवोत्थान से एक दिन पहले शुक्रवार को शहर के बाजारों व अधिकांश तिराहों-चौराहों एवं मार्गों पर सजी दुकानों पर लोगों ने गन्नों की खरीदारी की। गन्ना 30 से 60 रुपए तक बिका। वहीं सिंघाड़ा 60 एवं शकरकंद 60 से 65 रुपए प्रति किलो के भाव बिके। शास्त्री बाजार, भाठागांव बाजार, पुरानी धमतरी रोड तरूण बाजार, कालीबाड़ी चौक, पुरानी बस्ती रोड सहित विविध स्थानों पर लगाने वाली सब्जी-फल बाजार एवं स्टॉल्स से लोगों ने शकरकंद, सिंघाड़ा, फल, फूल की बड़े पैमाने पर खरीदारी की। देव पूजन के लिए सिंघाड़ा और शकरकंद की मान्यता होती है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि कार्तिक शुक्ल एकादशी को देव जागरण का पर्व माना गया है। इस दिन श्रीहरि भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योगनिद्रा से जाग जाते हैं। इस पावन तिथि को देवउठनी ग्यारस या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। चार महीने से विराम लगे हुए मांगलिक कार्य भी इसी के साथ प्रारंभ हो जाएंगे। विगत चार माह से मांगलिक कार्य बंद थे, लेकिन पंचांग के अनुसार अब देवउठनी एकादशी से भगवान विष्णु पूरी सृष्टि का कार्यभार संभालेंगे और इसी दिन से शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। जिस दिन भगवान विष्णु जागते हैं, उस दिन सभी भक्त उनकी पूजा अर्चना करते हैं। ऐसे में एकादशी पर पूरे दिन उपवास रखकर शाम को श्रीहरि विष्णु के रूप भगवान शालिग्राम और माता तुलसी की शादी कराने की परंपरा है। ऐसे में एकादशी पर्व मनाने की लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है।



### दीए, रंगोली और पटाखे भी बिके

कालीबाड़ी चौक व पुरानी बस्ती महामाया मंदिर चौक पर लगे मिट्टी के बर्तन स्टॉल पर दीए खरीदने लोगों की भीड़ दिखी। वहीं सजावटी दुकानों पर रंगोली के सामान खरीदने पहुंचे रहे। वहीं कई जगहों पर पटाखें की दुकान सजी नजर आई। गौरतलब है कि एकादशी पर भी आतिशबाजी होती है। वहीं घरों में पक्के दीए व कच्चे दिए दोनों जलाए जाते हैं। इस तरह से एकादशी मनाने लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

### देवों की आकृति बनाने खड़िया चावल एवं गेरू की खरीदी

भाठागांव स्थित किराना दुकान के संचालक आयुष अग्रवाल ने बताया कि एकादशी पर देवों की आकृति बनाने के लिए लोगों ने किराना दुकान से खड़िया, चावल एवं गेरू की भी बढ़-चढ़कर खरीदारी की। शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक लोग खरीदारी करने दुकान पर पहुंचते रहे। वहीं भाठागांव चौक व पानी टंकी परिसर स्थित सब्जी-फल बाजार में खरीदारी करने लोगों की बड़ी चहल-पहल रही।

### विवाह के शुभ मुहूर्त की शुरुआत

पंचाग के मुताबिक, दिसंबर में विवाह के लिए केवल 3 से 4 शुभ तिथियां ही हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि दिसंबर के मध्य में खरमास (मलमास) शुरू हो जाएगा। इस अवधि में जब सूर्य, बृहस्पति की राशि में प्रवेश कर जाएगा और इन दिनों विवाह जैसे सभी शुभ कार्य रोक दिए जाएंगे। साथ ही शुक्र ग्रह भी अस्त हो जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार शुक्र अस्त होने के कारण विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। 4 दिसंबर दिन गुरुवार, 5 दिसंबर दिन शुक्रवार, 6 दिसंबर दिन शनिवार वर्ष 2025 का अंतिम विवाह मुहूर्त रहेगा।

# विंटर फैशन में बफर जैकेट, बनी हैट और ओवरसाइज कोट का ट्रेंडी लुक



**रायपुर।** शहर में हल्की बूंदाबांदी और सुबह के कोहरे के साथ ठंड के मौसम का आगमन हो चुका है। ठंडी हवाओं के बीच अब लोगों ने गर्म कपड़ों की तलाश शुरू कर दी है। इसी बीच मोतीबाग के नजदीक तिब्बती ऊनी बाजार सज चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी सिक्किम, नेपाल, मैनपाट, हिमाचल, बेंगलुरु और दार्जिलिंग के व्यापारियों ने स्टॉल सजाए हैं। इस साल बाजार में फैशनेबल और ट्रेंडी डिजाइन गर्म कपड़े हर आयुवर्ग के लिए यहां उपलब्ध हैं, जो फैशन को ट्रेंडी लुक दे रहे।

सर्दी की आहट के साथ बाजारों में गर्म कपड़ों की चमक बढ़ गई है। दुकानदार राहुल सिंह ने बताया कि इस बार कुल 26 स्टॉल सजाए गए हैं, जिनमें हर उम्र के लोगों के लिए खास तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। नेपाल और भूटान से गर्म कपड़ों के लिए फैब्रिक खरीदी गई है। इस बार कीमतों में बदलाव नहीं किया गया है, पिछले साल की तरह ही जैकेट की कीमतें 1500 से 3000 रुपए, बच्चों के कपड़े 500 से 1500 रुपए तथा युवाओं के लिए गर्म कपड़े 4 हजार रुपए तक की रेंज में रखे गए हैं।

### बाजार में दार्जिलिंग का बफर जैकेट

*स्टॉल संचालक नैंसी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार बेहतर खरीदारी का लक्ष्य तय किया गया है। प्रत्येक स्टॉल में 10 लाख रुपए से अधिक का सामान रखा गया। हर परिधान बेहतर फैब्रिक और ब्रांडेड गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है। नैंसी ने बताया कि इस वर्ष दार्जिलिंग का बफर जैकेट ग्राहकों की पहली पसंद बन सकता है। इसके साथ ही बच्चों के लिए फर जैकेट, पोंचो स्टाइल और फुल-लेंथ फ्रेंच लॉन्ग कोट भी बाजार में आकर्षण का केंद्र रहेगा। तिब्बती बाजार जनवरी माह के अंतिम दिनों तक संचालित होगा।*

### इंटरनेट पर ट्रेंडी बनी हैट वीड पॉपिंग ईयर कैप ऊलन बाजार में....

*तिब्बती बाजार में बनी हैट, फर लाइन कैप, नेक वार्मर कैप, पॉम-पॉम विंटर कैप जैसे अनेक प्रकार के बच्चों की कैप सजी हैं, जो मुख्य रूप से कार्टून कैरेक्टर में लाई गई हैं। इस बीच इंटरनेट पर ट्रेंड करने वाली बनी हैट वीड पोपिंग ईयर कैप में बाजार में लाई गई है। इस कैप की खासियत है कि कैप में कानों के हिस्से को कवर करने के लिए फोल्डेबल ईयर फ्लैप्स लगे हुए है, जिसे खेलते वक्त बंद किया या खोला जा सकता है।*

# अक्षय नवमी पर धार्मिक पूजन अनुष्ठान श्रद्धालुओं में बंटा आंवला का प्रसाद



**रायपुर।** अक्षय नवमी पर शहरभर के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर पूजन अनुष्ठान का विशेष आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने आराध्य देव भगवान विष्णु की पूजा की। सामूहिक पूजन के दौरान भक्तों के बीच आंवला फल से तैयार प्रसाद का वितरण किया गया, जो इस अवसर पर शुभ माना जाता है। मान्यता अनुसार आंवला नवमी पर भगवान विष्णु और वृक्ष की पूजा की जाती है, इस दौरान लोग परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

### सौ किलो से अधिक मेवा-मिष्ठान का भोग

दूधाधारी मठ परिसर में अक्षय नवमीं के पावन अवसर पर भक्तों ने सामूहिक रूप से धार्मिक पूजन अनुष्ठान में भाग लिया। पूजा की शुरुआत भगवान के चल विग्रह को वृक्ष के पास लाने से हुई, जिसमें ढोल-मंजीरे की थाप के बीच चल विग्रह को श्रद्धापूर्वक स्थापित किया गया। इसके पश्चात सौ किलो से अधिक मेवा और मिष्ठान का भोग आराध्य भगवान को अर्पित किया गया। भक्तजन मंत्रोच्चार के साथ भगवान की आराधना में लीन रहे और इस अवसर पर मठ परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने हुए, पूजन संपन्न की गई।

### साईं दर्शन आवासीय में महिलाओं ने की पूजा



साईं दर्शन आवासीय जोरा समिति परिसर में सभी महिला मंडल ने सामूहिक रूप से आंवला नवमी का पूजन एवं आयोजन किया। महिला मंडल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह दिन भगवान विष्णु की भक्ति एवं आंवले के पूजन का विशेष दिन माना जाता है। हिंदू धर्म में आंवला नवमी का अत्यंत शुभ और पावन महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है तथा आंवले के वृक्ष की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।


## शादी सीजन में स्टाइलिश दिखने युवाओं के बीच यही ट्रेंड

कार्नर न्यूज

# वुमन्स के लिए अनारकली सूट, मेन्स के लिए जोधपुरी जैकेट सीजन का बेस्ट वेडिंग पार्टी फैशन







**रायपुर।** इस शादी सीजन वुमन्स के लिए अनारकली सूट, विशेषकर लाल रंग में, कैप या कैप-स्टाइल दुपट्टे और हल्की सिल्क साड़ियां जैसे टसर या ऑर्गेंजा ट्रेंड में हैं। पुरुषों के लिए गहरे रंगों की क्विल्टेड जोधपुरी जैकेट या रेशम व सूती टाई के साथ हल्के रंग की शर्ट भी लोकप्रिय हो रही है। शहर की वेडिंग फैशन डिजाइनर आकृति गुप्ता बताती हैं कि ये फैशन वीयर्स आरामदायक होने के साथ-साथ वेडिंग पार्टी में अलग शाइन करती हैं। वहीं वुमन्स को लहंगे या साड़ी के साथ कैप या कैप-स्टाइल दुपट्टा पहनने से परफेक्ट आउटफिट लुक मिलेगा। गर्मी या हल्के मौसम के लिए, टिश्यू और नेट फैब्रिक की साड़ियां अच्छी वेडिंग वीयर्स विकल्प हैं। वुमन्स को सादी पार्टी में हल्के रंग की, जैसे कि शिफॉन साड़ियां, कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज के साथ पहनने पर खूबसूरती में चार चांद लगेगा। इसमें टसर सिल्क और ऑर्गेंजा सिल्क जैसी हल्की सिल्क साड़ियां भी इस सीजन काफी चलन में हैं। मेन्स के लिए काले रंग की क्विल्टेड जोधपुरी जैकेट, रिवेटेड कॉलर और बटन-डाउन कॉलर के साथ एक आकर्षक और शाही लुक देती है। हल्के रंग की टी-शर्ट्स या शर्ट के साथ अच्छी फिटिंग वाली पैंट पहनें। रेशम या सूती टाई आपके आउटफिट को एक बेहतरीन फ़िनिशिंग टच देगी। इसके साथ ही कॉर्सेट यह ट्रेंड, खासकर फिट-एंड-फ्लेयर ड्रेसेज़ के साथ, आधुनिक ग्लैमर और क्लासिक रोमांस का एक शक्तिशाली मिश्रण पेश करता है।

रंग पारंपरिक सफेद के अलावा, पेस्टल शेड्स, ब्लश टोन और यहां तक कि बोल्ड रंग भी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं, जो दुल्हनों को अपनी पहचान व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। डिजाइन साटन स्लिप ड्रेसेज आधुनिक दुल्हनों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प मौजूद हैं।

### डिजिटल कढ़ाई और मोती चढ़े लहंगे पहली पसंद

मोतियों की सजावट एक बड़ा ट्रेंड है, जो पारंपरिक हार के बजाय ड्रेसेज पर एक फैशनेबल आकर्षण के रूप में इस्तेमाल की जाती है। जटिल डिजिटल कढ़ाई और कस्टम-निर्मित लहंगे, पारंपरिक और नवीनता को जोड़ते हैं। इसके साथ ही फूलों की कढ़ाई वाले घूंघट और अलग से कैप भी ट्रेंड कर रहे हैं। यह लहंगे व ड्रेसेस गर्ल्स के लिए इजी कैरी करने वाले मटेरियल्स में शामिल है।

### दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद गुजरात से वेडिंग फैशन मंगाए

राजधानी के फैशन हाउसेस के संचालकों का कहना है कि नवंबर के अंतिम सप्ताह और दिसंबर से वेडिंग सीजन की शुरुआत होती है।इसके पहले से ही वेंडिंग फैशन कलेक्शन की ट्रेंडी वियर्स ऑर्डर से मंगाते हैं। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, गुजरात से वेडिंग फैशन मंगाए जाते हैं। इस सीजन वेडिंग फैशन वीयर्स की कीमतों में कमी आने की संभावना है। इस बार ब्राइडल्स फैशन कीफायती दरों पर अवलेबल हो सकेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महापौर ट्रॉफी में जुटे पावर लिफ्टर श्रीलंका के लिए होगा चयन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं प्रोटीन विला के संयुक्त तत्वाधान में महापौर ट्रॉफी का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने उद्घाटन के उपरांत अपने उदबोधन में कहा कि आज रायपुर में वेट लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग जीवित है तो उसका श्रेय मानिक ताम्रकार को जाता है। इस खेल में 90 प्रतिशत गरीब बच्चे होते है अभी इस खेल में दिव्यांग बच्चे भी दिखाई दे रहे है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार महापौर ट्रॉफी हो रही है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दुर्गेश साहू और मानिक ताम्रकार ने बताया पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया के महासचिव दुर्गेश राजोरिया के द्वारा वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप श्रीलंका में 26 नवंबर को होने वाली है, इसका भी इसी प्रतियोगिता में चयन किया जाना है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा छत्तीसगढ़, प्रशांत कुमार ओडिशा, दुर्गेश राजोरिया यूपी, प्रदीप क्षत्रिय, विनीत कुमार और संजू दास थे।

### राष्ट्रीय कायाकिंग एंड कैनोइंग मे छत्तीसगढ़ को मिले 18 पदक



**रायपुर।** पहली राष्ट्रीय आदिवासी कायाकिंग एंड कैनोइंग चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद के हुसैन सागर में 28 से 31 अक्टूबर तक किया गया। जिसमे सब जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी में महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। पहले दिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर राज्य को रजत जयंती का तोहफा दिया था वही दूसरे दिन कुल 8 पदक हासिल किये इस तरह छत्तीसगढ़ कायाकिंग एंड कैनोइंग खेल के खिलाड़ियों ने 18 पदक हाशिल किये। दूसरे दिन सी 1 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी4 मिक्स 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक,सी 2 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी1 जूनियर 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी 4 मिक्स जूनियर 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक,के 2 200 मी सीनियर में सतदेव बघेल व बलिराम कांस्य पदक, के1 200 मी सीनियर में सतदेव बघेल रजत पदक और के1 200 मी जूनियर में कांस्य पदक शिव पुजारी शामिल हैं।

उक्त चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 3000 व ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 2000 पुरस्कार राशि दिया गया। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी।

### सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ एशिया एथलेटिक चैंपियनशिप में चयनित



**रायपुर।** पुलिस विभाग के जिला विशेष शाखा बिलासपुर में प्रभारी के रूप में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ यादव का चेन्नई में 5 से 10 नवंबर तक आयोजित 23 वीं एशिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में भारतीय एथलेटिक टीम से डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो के लिये चयन हुआ है। शोभनाथ यादव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्ग दर्शन में पुलिस ग्राउण्ड एवं बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में लगातार प्रैक्टिस कर रहे है। श्री यादव पूर्व में भी अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर प्रतियोगिता में मेडल जीत चुके है।

## फ्लू को गंभीरता से लेना जरूरी

# फ्लू को सिर्फ सर्दी-जुकाम समझने की न करें भूल, कहीं हार्ट अटैक का न बन जाए कारण

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 155 अध्ययनों की समीक्षा में पाया कि कोविड, फ्लू या लंबे समय तक वायरल संक्रमण से पीड़ित होने से दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। बीते कुछ महीनों में दुनिया के कई देशों में फ्लू के मामले तेजी से बढ़े हैं। मौसम में बदलाव, वायरस में हुए म्यूटेशन और कमजोर इम्युनिटी की वजह से लोग बड़ी संख्या में इसकी चपेट में आ रहे हैं।

एक रिपोर्ट में जापान और फिर मलेशिया में फैले फ्लू के संक्रमण और इसके कारण बिगड़े हालात के बारे में जानकारी हाल ही में आई थी। भारत में भी फ्लू के नए वैरिएंट्स के कारण संक्रमण के मामलों में तेजी से उछाल देखा गया था। अगर आप इस संक्रमण को हल्के में लेते हैं, इसे सामान्य सर्दी-जुकाम मानकर अनेदखा कर देते हैं तो सावधान हो जाइए, कहीं ये किसी गंभीर समस्या का कारण न बन जाए?

हालिया रिपोर्ट्स में विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार फ्लू के कुछ नए वैरिएंट्स सामने आए हैं, जो पहले की तुलना में न सिर्फ ज्यादा खतरनाक हैं बल्कि इसके कारण कई लोगों को अस्पतालों तक में भर्ती होना पड़ा है। इन्फ्लुएंजा वायरस लगातार बदलता रहता है। आमतौर पर



इससे संक्रमण की स्थिति में बुखार, गले में खराश, बदन दर्द और सांस लेने में दिक्कत जैसे लक्षण ज्यादा देखने को मिलते रहे हैं। हालांकि अब अध्ययनों में अलर्ट किया जा रहा है कि फ्लू जैसे संक्रमण हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का कारण बन सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

### कोविड, फ्लू के कारण हार्ट अटैक का जोखिम

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 155 अध्ययनों की समीक्षा में पाया कि कोविड, फ्लू या लंबे समय तक वायरल संक्रमण से पीड़ित होने से दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग लंबे समय तक कोविड या फ्लू के संक्रमण से पीड़ित थे, उनमें संक्रमण के बाद के हफ्तों में हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम, अन्य लोगों की तुलना में पांच गुना अधिक था। जिन लोगों को फ्लू हुआ, उनमें संक्रमण के एक महीने के भीतर दिल का दौरा पड़ने का चार गुना और स्ट्रोक का पांच गुना अधिक जोखिम पाया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, हम सभी को इस तरह के जोखिमों को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है, फ्लू जैसे संक्रमण भी कई बार गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं।



### अध्ययन में क्या पता चला?

अध्ययन में पाया गया कि कोविड से संक्रमित लोगों में संक्रमण के 14 हफ्तों के भीतर दिल का दौरा या स्ट्रोक होने की आशंका तीन गुना अधिक देखी गई। यहां जोखिम सिर्फ वायरल संक्रमण तक ही सीमित नहीं हैं।



शोधकर्ताओं ने पाया कि एचआईवी, हेपेटाइटिस सी जैसे संक्रमण से पीड़ित रोगियों में हार्ट अटैक का जोखिम 60 प्रतिशत और स्ट्रोक का जोखिम कुल मिलाकर 45 प्रतिशत अधिक देखा गया। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले महामारी विज्ञानी डॉ. कोसुके कवाई कहते हैं, यह सर्वविदित है कि मानव पेपिलोमावायरस (एचपीवी), हेपेटाइटिस बी वायरस और अन्य वायरस कैंसर का कारण बन सकते हैं। हालांकि, वायरल संक्रमण के कारण हृदय रोग जैसी गैर-संचारी बीमारियों के बीच संबंध को कम ही समझा गया है।

### वायरल संक्रमण कैसे बनता है हार्ट अटैक का कारण

वैज्ञानिकों ने कहा, दशकों से वायरल संक्रमण, दिल के दौरे या स्ट्रोक के बीच संबंध होने का संदेह रहा है। इस अध्ययन में इन संबंधों की पुष्टि होती है। यह स्पष्ट नहीं है कि संक्रमण इन जोखिम क्यों बढ़ाते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिरक्षा प्रणाली के अति सक्रिय होने से शरीर में इंफ्लेमेशन की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे रक्त के थक्के बनने और इसके कारण हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।शोधकर्ताओं ने कहा कि संक्रमण से पीड़ित होने के बाद वृद्ध लोगों में युवाओं की तुलना में जोखिम कहीं अधिक होता है।

# छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस में ब्रह्मविद, फाइटर चैलेंजर्स, पैंथर्स और जेएसएफ ने जीते अपने मुकाबले



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में प्रदेश के पहले फ्रेंचाइजी रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग में शानदार मुकाबले चल रहे हैं। दूसरे दिन 5 मुकाबले खेले गए। पहला मैच शाम 6 बजे से ब्रहमविद एफसी एवं

- रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग शुरू

इंफिनिटी टाइगर्स के मध्य खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद ने अपने दमदार खेल के दम पर इंफिनिटी टाइगर्स को 5–1 से पराजित किया। ब्रह्मविद की ओर से भोले एस मिरिंडा ने 3 गोल, अरुण और शोएब रवानी ने एक एक गोल दागे। दिन का दूसरा मैच फिल्स फाइटर बिलासपुर और बोर्नियो कैपिटल के मध्य खेला गया, जिसे फिल फाइटर ने कड़े मुकाबले में बोर्नियो कैपिटल्स को 2–1 से हराया। फाइटर्स की ओर से प्रदीप सोनी ने दो शानदार गोल मार कर अपनी टीम को जीत दिलाई। रात्रि का तीसरा मैच नरेश चैलेंजेस और शराफत लायंस के मध्य हुआ, अजय कश्यप के एक गोल की बदौलत चैलेंजर्स को जीत मिली। दिन के चौथे मुकाबले में मैट्स पैंथर्स ने एसएस ब्लास्टर्स को 3–2 से हराकर जीत दर्ज की। पहले हाफ में ब्लास्टर की ओर से दो गोल दागे गए जिसमें 1 गोल काशी राम क्षत्रिय ने दागा वहीं दूसरे हाफ में मेट्स पैंथर्स ने जवाबी हमला करते हुए नितेश लकरा, अमोल एक्का, तरुण दलाई के एक एक गोल की बदौलत जीत हासिल कर ली। देर रात हुए अंतिम मुकाबले में जेएसएफ क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विला एफसी को 4–0 से पराजित किया। प्रथम, मॉरिस, पीयूष और निरंजन ने एक एक गोल दाग कर एक तरफ जीत हासिल कराई। दूसरे दिन के सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार फिटनेस, अनुशासन और जज़्बा दिखाया। दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ मैचों का आनंद लिया।

# हल्दी का ये उपाय बदल देगा घर का माहौल, दूर हो सकते हैं वास्तु दोष और नकारात्मक ऊर्जा

हल्दी सिर्फ घर के खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाती है, बल्कि इसका इस्तेमाल घर के वास्तु को सुधारने के लिए किया जाता है। आप भी इसके उपाय से अपने घर से नकारात्मक ऊर्जा को कम कर सकती हैं। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कैसे करना है इसका इस्तेमाल।

### घर के वास्तु के लिए क्यों महत्वपूर्ण होती है हल्दी?



हल्दी सदियों से धार्मिक और आयुर्वेदिक मान्यताओं में उपयोग होती आई है। इसे न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है, बल्कि यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में भी मदद करती है। इसलिए हमारी मम्मी भी घर की ऊर्जा को पॉजिटिव बनाने के लिए इसका इस्तेमाल घर के दरवाजे पर जरूर करती हैं। इससे घर का वातावरण अच्छा बना रहता है।

### हल्दी से वास्तु दोष दूर करने का तरीका

घर पर आपको लग रहा है कि नेगेटिव एनर्जी ज्यादा महसूस हो रही है, तो ऐसे में आप घर के मुख्य दरवाजे पर हल्दी की गांठ को लाल कपड़े में बांधकर टांगे। इसे रखने से आपके घर में किसी तरह की नेगेटिव एनर्जी नहीं आएगी। साथ ही आपके घर का वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की पूजा में करें हल्दी का इस्तेमाल। आप भगवान को हल्दी का तिलक लगाएं। वही तिलक अपने माथे पर रोजाना लगाएं। इससे आपके घर का वास्तु अच्छा हो जाएगा। आप अपने पूरे घर में रोजाना हल्दी के पानी का छिड़काव करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। हल्दी को लाल फूलों के साथ पूजा में शामिल करने से वास्तु दोष कम होते हैं और घर का माहौल शांत रहता है।

### वास्तु के हिसाब से हल्दी के फायदे

हल्दी के इस्तेमाल से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। हल्दी के इस्तेमाल से वास्तु दोष का प्रभाव कम होता है।



# अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**रायपुर।** 15वीं अंतर रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला) 2025 का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, दयानंद ने सेकरसा मैदान डब्ल्यू आर एस कालोनी, रायपुर में 30 अक्टूबर की शाम किया। ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी के शानदार प्रदर्शन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत ने सभी खिलाड़ियों, खेल प्रतिनिधियों और उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने सबसे पहले टूर्नामेंट में भाग लेने वाले 12 विभिन्न जोन से आए खिलाड़ियों और उनके प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। उसके पश्चात सेकरसा, रायपुर की ओर से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। टूर्नामेंट का बैकग्राउंड म्यूजिक थीम ₹ओ सिकंदर ओ सिकंदर₹ ने पूरे समय में मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों में उर्जा और उत्साह का संचार करता रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती शिखा सिंह ने प्रतियोगिता का शुभंकर ₹बस्तर-पहाड़ी मैना₹ का एवं



मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने चैंपियनशिप की ट्रॉफियों का अनावरण किया और प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता को नई ऊंचाईयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने गुब्बारों को हवा में छोड़ा।

मुख्य अतिथि दयानंद ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का न सिर्फ उत्साहवर्धन किया बल्कि एक स्वस्थ माहौल में प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए भी सभी को प्रेरित किया। अतिथियों ने प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण अर्जुन पुरस्कार विजेता डोला बनर्जी एवं राहुल बैनर्जी एवं ओलम्पियन लक्ष्मी रानी माझी से सौजन्य भेंट की।

वरिष्ठ खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह में मुख्य कारखाना प्रबंधक एन के भंडारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल के अलावा मंडल के बहुत से अधिकारी उपस्थित थे।

### शुभंकर-बस्तर पहाड़ी मैना के संरक्षण का संदेश

आयोजन में वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने ₹बस्तर पहाड़ी मैना - छत्तीसगढ़ राज्य पक्षी के संरक्षण₹ की आवश्यकता के संबंध में खिलाड़ियों और दर्शकों को बताया। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 12 जोन के कुल 68 खिलाड़ियों के सम्मिलित होने की जानकारी भी उन्होंने अपने अभिभाषण में दी। त्रि दिवसीय प्रतियोगिता का समापन समारोह 1 नवंबर को शाम 5 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तथा विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल पीसीएमई एवं अध्यक्ष सेकरसा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ, बिलासपुर रहेंगे।

### उद्घाटन समारोह में लोकनृत्यों की मनमोहक झलक

उद्घाटन समारोह में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसका प्रारंभ कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर के नृत्य विभाग के छात्र-छात्रा चिरंजीवी और तेजस्विता शाह के द्वारा शिवस्तुति (कथक नृत्य) की प्रस्तुति से हुआ। उसके पश्चात खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए गायक कलाकार श्री अंकित भारती ने ₹आशाएं₹ गीत की प्रस्तुत दी। रेलवे के केसरी बाग एवं ग्रुप ने संबलपुरी ढेमसा लोकनृत्य प्रस्तुत किया। पी लिखिताश्री, सुपुत्री पी सोमशेखर ने प्रेरणास्पद योगानृत्य की प्रस्तुति दी। डिलेश्वरी द्वारा उर्जा से परिपूर्ण सूफी गीत ₹दमा दम मस्त कलंदर₹ की प्रस्तुति ने सबको झूमनें के लिए मजबूर कर दिया।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो साथ में आर्कषक उपहार पाओ
आसान किस्तों में 0% डाऊनपेमेंट में BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टार्ट
MRP. 6700/- Free Gift
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
लोडर 160000/- में ऑन रोड
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध हैं और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध हैं
न्यूनतम डाउनपेमेंट 25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

BAXY Mobility भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
■ तत्काल फायनेंस की सुविधा
■ 15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
■ 120 किलोमीटर तक की रेंज
■ 130/135 AH की बैटरी के साथ
■ मजबूत एवं भरोसेमंद ■ लो मेंटनेंस
दीवाली धमाका मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
LED TV फ्री
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment | 3 Year Warranty 3 सर्विस फ्री | आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
XO 501/- में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

